रांची, शनिवार | 13 जून 2026 | वर्ष-27, अंक-131, पृष्ठ-12
अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 31.4° | अधिक. 33.0° |
| न्यून. 21.0° | न्यून. 23.0° |

## भारतीय टीम में रांची की पहली महिला क्रिकेटर के रूप में शामिल होकर रचा इतिहास

# झारखंड की बेटी पलक का अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के लिए शुक्रवार का दिन खुशी और गौरवान्वित करने वाला रहा। रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) की होनहार खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में किया गया है। उनका चयन श्रीलंका महिला टीम के आगामी भारत दौरे के दौरान आयोजित होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हुआ है। उनके चयन से रांची ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में खुशी और गर्व का माहौल है। पलक रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। यह उपलब्धि उनके वर्षों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगातार शानदार प्रदर्शन का परिणाम है। जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने का अवसर मिला। पलक की इस उपलब्धि पर रांची जिला क्रिकेट संघ और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। खेल जगत से जुड़े लोगों ने इसे झारखंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है

शेष पेज 11 पर



● श्रीलंका के भारत दौरे के दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम से खेलेंगी

## संघर्ष और समर्पण की जीवंत कहानी है पलक की सफलता

कुमारी पलक की क्रिकेट यात्रा संघर्ष, समर्पण और निरंतर मेहनत की कहानी है। उन्होंने ओरमांझी क्रिकेट क्लब से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उनके कोच पंक्षित कुमार महतो ने शुरुआती दौर से ही उनकी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी पलक उन्हीं के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। कोच पंक्षित कुमार महतो के अनुसार, पलक हमेशा से मेहनती, अनुशासित और अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रही हैं। मूल रूप से देवघर की रहने वाली पलक पिछले लगभग 14 वर्षों से अपने परिवार के साथ रांची में रह रही हैं। उन्होंने पढ़ाई और क्रिकेट के बीच संतुलन बनाते हुए लगातार अपने खेल में सुधार किया और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना साकार किया। वर्तमान में पलक ओरमांझी स्थित राम टहल इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। पलक की सफलता संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल भी है। उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी मां संगीता भगत, जो रांची महिला थाना में कार्यरत हैं, ने हर कदम पर उनका मनोबल बढ़ाया। पलक कई बार अपनी मां को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बता चुकी हैं और अपनी सफलता का श्रेय उन्हें देती हैं।

### पलक का चयन राज्य के लिए गौरव का विषय : शैलेंद्र कुमार

रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि पलक का चयन केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पलक ने वर्षों तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और उनकी मेहनत तथा लगन का ही परिणाम है कि उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला है।

## दृष्टिपात

### आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अतिरिक्त न्यायायुक्त-13 देबाशीष मोहापात्रा की अदालत ने एक कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने बीबीए की छात्रा स्वाति कुमारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के नामजद आरोपी छात्र आशीष राज की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह मामला जगन्नाथपुर थाना से जुड़ा हुआ है। यह दुखद मामला बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाति कुमारी की आत्महत्या से जुड़ा है। स्वाति रांची में एक किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह 3 अक्टूबर 2025 को वापस रांची लौटी और 4 अक्टूबर की रात उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।

### रिश्वत मामले में पूर्व अंचलकर्मी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने करीब दो दशक पुराने रिश्वतखोरी के एक मामले में शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। एसीबी के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन खूंटी अंचल कार्यालय के कर्मचारी सत्यनारायण राम को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यदि दोषी निर्धारित अवधि में जुर्माने की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### स्कूली छात्र की मौत के मामले में पिता की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** रांची के बहुचर्चित सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो की मौत के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ मृतक के पिता मनबहाल महतो की प्रोटेस्ट पिटीशन पर शुक्रवार को विशेष सीबीआई अदालत में सुनवाई हुई। मामले में आंशिक बहस हुई और अदालत ने अगली सुनवाई के लिए अगले सप्ताह की तारीख निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान मनबहाल महतो की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए उसके निष्कर्षों का विरोध किया। यह मामला लगभग एक दशक पुराना है।

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा

# छात्रवृत्ति का भुगतान दिसंबर माह से पहले हर हाल में सुनिश्चित हो

**बोले मंत्री**

- छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए प्रभावी मैकेनिज्म विकसित करें
- लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत साइकिलों का वितरण एक माह के भीतर सुनिश्चित हो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने शुक्रवार को विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की गति और प्रभावशीलता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रवृत्ति योजना पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान दिसंबर माह से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म विकसित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल 15 मई 2026 से ही खोल दिया गया है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत साइकिलों का वितरण अगले एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री ने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गहन अध्ययन कर नई रूपरेखा के साथ विकसित करने तथा नए सिरे से आवेदन आमंत्रित करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।



बैठक में सचिव एवं विशेष सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आदिवासी कल्याण आयुक्त, प्रबंध निदेशक (आदिवासी सहकारी विकास निगम), राज्य परियोजना निदेशक (जेटीडीएस) एवं परियोजना निदेशक (आईटीडीए), रांची एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड पहुंचा मानसून साहेबगंज में हुई बारिश

आज 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी...

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन हो गया है। रांची मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि गुरुवार (11 जून) को पश्चिम बंगाल और बिहार में मानसून प्रवेश के बाद झारखंड के साहेबगंज में शुक्रवार (12 जून) को मानसून का प्रवेश हो गया है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में मानसून के कवरेज पर हमारे मौसम वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने शनिवार (13 जून) को राज्य के 12 जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। राज्य के जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है, उनमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो और रामगढ़ शामिल हैं। विभाग के अनुसार, इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ वज्रपात होने और मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों में जाने से बचने और वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में सर्वाधिक 92.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी रांची में भी 40.6 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची में 21.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सुबह से मौसम साफ रहा तथा धूप खिली रही। हालांकि, दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और मध्यम गति से ठंडी हवाएं चलने लगीं।

शेष पेज 11 पर



एआई जेनरेटेड

### इस वर्ष सामान्य से कम बारिश का है पूवार्नुमान

झारखंड में पिछले वर्ष मानसून की सामान्य बारिश हुई थी। लेकिन, इस वर्ष 'अल नीनो' के प्रभाव के कारण सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। अभिषेक आनंद ने कहा कि अल नीनो का असर वैश्विक होता है। इसका असर भारत पर भी पड़ता है। अल नीनो विकसित होने की जानकारी देते हुए वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि तीन-चार साल के एक अंतराल पर राज्य में सामान्य से कम मानसूनी बारिश होती रही है।

# चारा घोटाले में जब्त 34 लाख के जेवरात रिलीज करने पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बहुचर्चित चारा घोटाले के कथित किंगपिन (मुख्य सूत्रधार) दिवंगत श्याम बिहारी सिन्हा के आवास से जब्त किए गए लगभग 34 लाख रुपये मूल्य के जेवरात को 'स्त्रीधन' मानकर रिलीज करने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए श्याम बिहारी सिन्हा के पुत्र रवि सिन्हा समेत अन्य संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह मामला चारा घोटाले के आरसी-68ए/96 से जुड़ा हुआ है। इस मामले में मुख्य आरोपी रहे श्याम बिहारी सिन्हा के पुत्र रवि सिन्हा को वर्ष 2018 में ही अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई जा चुकी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो के अनुसार, 13 और 14 मई 1999 को श्याम बिहारी सिन्हा के आवास पर की गई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए गए थे। श्याम बिहारी सिन्हा का निधन वर्ष 1999 में और उनकी पत्नी रमा सिन्हा का निधन वर्ष 2011 में हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि रमा सिन्हा ने अपने पूरे जीवनकाल में कभी भी इन जब्त जेवरातों पर अपना दावा नहीं ठोका और न ही इन्हें अपना स्त्रीधन बताया। रमा सिन्हा के निधन के 13 वर्ष बाद, यानी वर्ष 2024 में उनके पुत्र रवि सिन्हा ने सीबीआई की विशेष अदालत में एक याचिका दायर की।




शेष पेज 11 पर

### पिस्का मोड़ की बैंक कॉलोनी में करंट लगने से किशोर की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के पिस्का मोड़ की बैंक कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह एक 13 वर्षीय किशोर की खुले बिजली तार के संपर्क में आकर करंट लगने से मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान छोटू के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही सुखदेव नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बच्चा किन परिस्थितियों में खुले बिजली तार के संपर्क में आया और संबंधित स्थान पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड टी20 क्रिकेट लीग

# कोयलांचल सुपर किंग्स को मिली जीत

- छोटानागपुर रॉयल्स को पांच विकेट से हराया
- शरणदीप सिंह भाटिया बने प्लेयर ऑफ द मैच

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कांप्लेक्स में शुक्रवार को झारखंड टी20 क्रिकेट लीग 2026 के एक मैच में छोटानागपुर रॉयल्स के सुप्रियो चक्रवर्ती की शानदार गेंदबाजी बेकार चली गई। कोयलांचल सुपर किंग्स ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छोटानागपुर रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। उन्होंने पांच गेंदें बाकी रहते ही जीत हासिल कर ली।पहले बल्लेबाजी करने उतरी छोटानागपुर रॉयल्स को विराट सिंह और मो नाजिम सिद्दीकी ने अच्छी शुरुआत दिलाई और 77 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

चंदन कुमार मुखी ने सिर्फ 18 गेंदों में तूफानी 49 रन बनाकर अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। इन शानदार व्यक्तिगत योगदानों की मदद से रॉयल्स 19.4 ओवर में 190/10 का स्कोर बनाने में सफल रही। कोयलांचल सुपर किंग्स के लिए शुभ शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने अपने 3.4 ओवर में 3/43 के आंकड़े दर्ज किए। हर्ष राज (2/34), उत्कर्ष सिंह (2/34) और अमित कुमार (2/36) ने भी अहम विकेट चटकाए और हर एक ने दो-दो विकेट लिए। जीत के लिए 191 रन का पीछा करते हुए उत्कर्ष सिंह और 'प्लेयर ऑफ द मैच' शरनदीप सिंह भाटिया ने कोयलांचल सुपर किंग्स के लिए पारी की शुरुआत की।

शेष पेज 11 पर

## ग्रामीण समृद्धि — किसानों को मिलेगी नई तकनीक और नवाचारों की जानकारी

# रांची में झारखंड कृषि व्यापार मेला 16 जून से

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उद्घाटन समारोह में लेंगे भाग
- 'कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा रवाना
- राज्य के प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार रांची के मोरहाबादी मैदान में 16 से 18 जून 2026 तक तीन दिवसीय 'झारखंड कृषि व्यापार मेला' का आयोजन करेगी। इस मेले का उद्देश्य किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत और सरकारी विभागों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के प्रसार और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके। शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से बताया गया कि मेले का उद्घाटन 16 जून 2026 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री शल्पी नेहा तिर्की और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान 'कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साथ ही, प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता एवं लाभ वितरित किए जाएंगे। कृषि व्यापार मेले के दूसरे दिन 17 जून 2026 को विभागीय तकनीकी सत्र, किसान संवाद कार्यक्रम तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि से जुड़ी नई तकनीकों, सरकारी योजनाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। मेले के अंतिम दिन 18 जून 2026 को किसान संवाद, कृषि स्टार्टअप्स की प्रस्तुतियां और समापन समारोह आयोजित होगा। इस दौरान नवाचार आधारित कृषि मॉडल, उद्यमिता के अवसर और तकनीकी समाधान किसानों एवं युवाओं के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे।

शेष पेज 11 पर




### कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देगा कृषि व्यापार मेला

'झारखंड कृषि व्यापार मेला' किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने, कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और राज्य में टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विभाग ने किसानों, कृषि उद्यमियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों से बड़ी संख्या में मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे आधुनिक कृषि के नए अवसरों और तकनीकी नवाचारों का लाभ उठा सकें।

# आधी रात जंगल पहुंचे वित्त मंत्री अवैध मोरम खनन पर बड़ी कार्रवाई



- अंतरराज्यीय माफियाओं के खिलाफ छापेमारी, तीन ट्रेलर व एक पोकलेन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अवैध मोरम खनन और परिवहन में संलिप्त अंतरराज्यीय माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार देर रात छतरपुर के अतिसुदूर जंगल क्षेत्र रोगनिया में छापेमारी की। बताया जाता है कि वित्त मंत्री को सूचना मिली थी कि देवगन क्षेत्र के जंगल में अवैध रूप से मिट्टी और मोरम का उत्खनन कर उसे बिहार भेजा जा रहा है। सूचना के बाद मंत्री स्वयं आधी रात को मौके पर पहुंचे। गाड़ियों का काफिला पहुंचते ही

शेष पेज 11 पर

## पंचायतों को आवंटित अनुदान राशि के उपयोग के लिए मार्गदर्शिका जारी करने की मांग

# त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के शिष्टमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

- विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र दिशा-निर्देश जारी करने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष विकास कुमार महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने लोक भवन में मुलाकात कर पंचायतों को आवंटित अनुदान राशि से योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों को निर्धारित अनुपात में अनुदान राशि आवंटित की गई है। हालांकि, योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक विस्तृत मार्गदर्शिका अब तक जारी नहीं किए जाने के कारण पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को लागू करने में कई तरह की व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि मार्गदर्शिका के अभाव में पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष योजनाओं के चयन, स्वीकृति और क्रियान्वयन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इससे विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर अनुदान मद के अंतर्गत आवंटित राशि के उपयोग एवं योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश शीघ्र जारी कराने की पहल की जाए। इससे पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। शिष्टमंडल ने विश्वास जताया कि आवश्यक मार्गदर्शिका उपलब्ध होने के बाद पंचायत संस्थाएं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकेंगी तथा आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।

## सारंडा वन क्षेत्र के ग्रामीणों ने राज्यपाल से लगाई गुहार



**रांची।** सारंडा वन क्षेत्र में 2005 से पूर्व बसे ग्रामीणों को वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत वनाधिकार पट्टा निर्गत करने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। भारत आदिवासी पार्टी के पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुशील बारला के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल रांची स्थित राजभवन पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में वन अधिकार समिति के बेनेडिक्ट लुगुन और माचवा चम्पिया सहित अन्य सदस्य शामिल थे। ग्रामीणों ने राज्यपाल से आग्रह किया कि सारंडा क्षेत्र के वनग्रामों के परिवारों की पहचान सुनिश्चित कर शीघ्र वनाधिकार पट्टा जारी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं। ज्ञापन में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट चाईबासा में कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चिरिया, गुवा, किरीबुरु और नोवामुण्डी क्षेत्रों में खनन प्रभावित होने के बावजूद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कई गांवों में जलापूर्ति योजनाएं धरातल पर सफल नहीं हैं और पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। कई योजनाओं में भारी राशि की निकासी के बावजूद कार्य अधूरा पड़ा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्ष 2020 से लंबित वनाधिकार दावों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सारंडा क्षेत्र को वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित करने संबंधी प्रक्रिया में स्थानीय वनग्रामों के अस्तित्व पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्यपाल ने मामले पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए मुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखने का आश्वासन दिया है।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

## झारखंड में पर्यटन और खेल विकास पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सुझाव दिया कि झारखंड में पर्यटन विकास को गति देने से न केवल राज्य की आर्थिक प्रगति होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके बाद संजय सेठ ने केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की। इस दौरान आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में झारखंड में खेल क्षेत्र की संभावनाओं पर विशेष रूप से विचार किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य के युवा खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे में उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाएं और प्रोत्साहन उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने झारखंड के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

# धुर्वा-जगन्नाथपुर से लापता तीन बच्चों की बरामदगी की मांग तेज

- बच्चों की सकुशल बरामदगी के लिए मशाल जुलूस आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने धुर्वा एवं जगन्नाथपुर क्षेत्र से लापता तीन बच्चे करण, अर्जुन और शिवा के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों से उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा और मामले की वस्तुस्थिति जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार द्वारा बताई गई बातें और थाने में दर्ज प्राथमिकी के विवरण में गंभीर विरोधाभास दिखाई देता है। बच्चों की माता का बयान कुछ और है, जबकि एफआईआर में अलग बातें दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार पढ़ा-लिखा नहीं है और पुलिस ने अपने बचाव में मनमाने ढंग से प्राथमिकी दर्ज करने का काम किया है। इससे पुलिस की भूमिका पर संदेह उत्पन्न होता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से तीनों बच्चों की अविलंब बरामदगी सुनिश्चित करने तथा मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने धुर्वा मंडल एवं भाजपा राँची महानगर के कार्यकर्ताओं और आम जनता से आह्वान किया कि बच्चों की बरामदगी और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में शनिवार शाम 6 बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही कहा कि यदि इसके बाद भी बच्चों की बरामदगी नहीं होती है तो पार्टी आगे की आंदोलनात्मक रणनीति तय करेगी। श्री साहू ने कहा कि रांची के कोकर स्थित खोरहा टोली रोड नं-02 से लापता 18 माह की मासूम बच्ची अदिति का आज तक कोई पता पुलिस प्रशासन नहीं लगा सकी है। स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन अपने दायित्वों को लेकर गंभीर नहीं दिखती है। इस दिशा में भी पुलिस ठोस कदम उठावें।

श्री साहू ने कहा कि राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में बच्चों के अपहरण और लापता होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। भाजपा ऐसे प्रत्येक मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और जहां भी ऐसी घटनाएं होती हैं, वहां पार्टी कार्यकर्ता जनहित में आवाज उठाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को भी इस देश में समान अधिकार प्राप्त हैं। धुर्वा इलाके के बच्चों के लापता होने के लगभग 12 दिन बाद भी पुलिस कोई ठोस सफलता हासिल नहीं कर सकी है। पीड़ित परिवार के अनुसार पुलिस केवल औपचारिकताएं पूरी कर रही है और अब तक प्रभावी खोजबीन नहीं की गई है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सरोज सिंह, अशोक बड़ाईक, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, उमेश यादव, शुचिता रानी राय, जितेंद्र वर्मा, वीणा मिश्रा, दीपक लोहरा, पंकज सिन्हा, नीरज सिंह, सूरज शाहदेव, राजेंद्र मुंडा सहित कई लोग थे।

# 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम पर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- राज्यभर में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

## आयुष निदेशालय ने सभी उपायुक्तों को जारी किए दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

- स्कूलों से लेकर अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों तक होंगे आयोजन

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर आयुष निदेशालय, झारखंड ने राज्य के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस वर्ष भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" निर्धारित की गई है। निर्देशों के अनुसार 21 जून को राज्य के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों, पार्कों, वृद्धाश्रमों, छात्रावासों, पुलिस स्टेशनों, सदर अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा चिकित्सा महाविद्यालयों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के तहत सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस, एनसीसी कैडेटों, स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं, रोटरी एवं लायंस क्लबों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्यकर्मियों, खेल प्रतिभाओं तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। योग दिवस को लेकर राज्य में 6 जून से ही विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में योग प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को योग के लाभों, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, जोड़ों के दर्द की रोकथाम तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में योग की भूमिका के बारे में जागरूक किया जा रहा है। आयुष निदेशालय ने कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल को भी बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, ताकि कर्मचारी कार्यस्थल पर कम समय में योगाभ्यास कर तनावमुक्त रह सकें और कार्यक्षमता बढ़ा सकें। योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समाचार-पत्रों, नुक्कड़ नाटकों, होर्डिंग, बैनर तथा अन्य जनसंपर्क माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए योग प्रतियोगिता, सेमिनार, चित्रकला प्रतियोगिता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आयुष निदेशालय के अनुसार प्रत्येक जिले में उत्कृष्ट योग प्रशिक्षकों, हर्बल गार्डन विकसित करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों तथा योग एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर सम्मानित करने का प्रस्ताव है। कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न मदों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी तथा सभी कार्यक्रमों का विवरण एवं छायाचित्र राज्य मुख्यालय को भेजा जाएगा। आयुष निदेशालय ने सभी संबंधित विभागों, स्वास्थ्य संस्थानों और जिला प्रशासन से अंतरराष्ट्रीययोग दिवस-2026 को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। इस संबंध में नोडल पदाधिकारी आईईसी/बीसीसी योगा डॉ. राहुल किशोर सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।

### नामकुम भूमि घोटाला : अंचल अधिकारियों पर पीई पूरी

## झारखंड हाईकोर्ट ने एसीबी से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

- रिकॉर्ड का गायब होना सामान्य नहीं" हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रांची के नामकुम अंचल क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री और राजस्व दस्तावेजों में हुई कथित हेरफेर के मामले की जांच तेज कर दी है। एसीबी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट को सूचित किया कि नामकुम अंचल के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच पूरी कर ली गई है और अब औपचारिक रूप से पीई दर्ज करने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति मांगी गई है। इस जानकारी पर जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने एसीबी को पीई से संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है।यह पूरा मामला प्रार्थी थॉमस साइमन साइरिल हंस द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। विवादित भूमि नामकुम अंचल के डुंडु क्षेत्र में स्थित है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि नामकुम अंचल कार्यालय में एक दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के प्रकरण में भारी गड़बड़ी की गई है और जांच के लिए मांगने पर भी मूल राजस्व अभिलेख (ओरिजिनल रिकॉर्ड) उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इससे पहले की सुनवाई में यह बात सामने आई थी कि अंचल कार्यालय दूसरे पक्षकार के पक्ष में किए गए म्यूटेशन की सर्टिफाइड कॉपी (प्रमाणित प्रति) देने में लगातार टालमटोल कर रहा था। इस संबंध में हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में प्रार्थी के पक्ष में स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद अंचल अधिकारियों ने उसका अनुपालन नहीं किया था। जब हाईकोर्ट ने इस टालमटोल को लेकर राज्य सरकार से कड़ा जवाब तलब किया, तो सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि म्यूटेशन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज अंचल कार्यालय से गायब हो चुके हैं। इस दलील पर कोर्ट ने बेहद कड़ी और तल्ख टिप्पणी की थी।

### कार्यक्रम — एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल में प्रशिक्षण सह पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

# सिविल सर्जन ने नशा व तंबाकू से दूर रहने का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**




- सिविल सर्जन ने छात्राओं को बताए मादक पदार्थों और तंबाकू सेवन के गंभीर दुष्परिणाम
- उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**रांची।** युवाओं को मादक पदार्थों एवं तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों और तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक तथा जानलेवा है। इनके सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों और मानसिक विकारों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

उन्होंने तंबाकू और धूम्रपान से होने वाली हानियों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन एवं अन्य विषैले रसायन मुंह, गले, फेफड़े और पेट के कैंसर के प्रमुख कारण हैं। धूम्रपान से रक्तचाप बढ़ता है, जिससे हृदयाघात और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी जैसी श्वसन संबंधी बीमारियां भी तंबाकू सेवन से उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन दांतों और मसूड़ों को भी नुकसान पहुंचाता है तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है।

मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थ सीधे मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं, जिससे स्मरण शक्ति, एकाग्रता और मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। अत्यधिक सेवन से लीवर सिरोसिस, किडनी फेल्योर तथा पाचन तंत्र की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही अवसाद, तनाव, घबराहट और मानसिक विकारों का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इससे पारिवारिक कलह, सामाजिक अस्थिरता और आर्थिक संकट जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को नशा मुक्त वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं तंबाकू निषेध विषय पर आकर्षक पेंटिंग्स बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए। सिविल सर्जन ने छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं, परामर्शी सुशांत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## दृष्टिपात

### झारखंड 2030 तक हो जाएगा बालश्रम मुक्त राज्य : डॉ महुआ माजी



**रांची।** वर्ष 2030 तक झारखंड को बालश्रम मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यह बात शुक्रवार को मेन रोड स्थित होटल में आयोजित विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर राज्यस्तरीय संवाद कार्यक्रम में झामुमो की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कही। डॉ. माजी ने कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना और उन्हें शिक्षा से जोड़ना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी बीच बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्रा बोले, बाल श्रम एक सामाजिक चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है। कार्यक्रम झारखंड बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें राज्य में बाल अधिकारों पर काम करने वाले सामाजिक संगठनों आदि ने भाग लिया।वहीं, माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद बोले, बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना बाल श्रम रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। विद्यालय, परिवार व समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से बच्चों के ड्रॉपआउट को कम किया जा सकता है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए बच्चों की पहचान, पुनर्वास और परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार काम करने की जरूरत है। उन्होंने पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया।

### जसपाल राणा के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय शूटर जसपाल राणा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि भारत के महान निशानेबाजों में शुमार, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एवं खेल जगत के प्रेरणास्त्रोत जसपाल राणा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। सीएम ने कहा कि उन्होंने अपनी अद्वितीय प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण से भारतीय निशानेबाजी को नई पहचान दी तथा एक कोच के रूप में कई खिलाड़ियों को प्रेरित किया। खेल जगत में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सीएम ने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को यह दुःखद घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

### कैलाश यादव कोल इंडिया बैकवर्ड क्लास वर्कर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव को कोल इंडिया बैकवर्ड क्लास वर्कर्स कल्याण एसोसिएशन का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह द्वारा की गई। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि कैलाश यादव एक प्रखर एवं जुझारू वक्ता होने के साथ-साथ एक सुलझे हुए वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्तित्व हैं। संगठन ने उनके लंबे अनुभव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि कैलाश यादव श्रमिकों के हितों के लिए लगातार आवाज उठाते रहे हैं तथा पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। बताया गया कि यादव सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल सहित कोलफील्ड क्षेत्रों में कार्यरत ओबीसी वर्ग के कर्मचारियों के समुचित विकास एवं अधिकारों के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर मध्यप्रदेश के सतना से पांच बार के सांसद एवं लोकसभा ओबीसी कल्याण समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह, कोल इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों एवं राजनीतिक नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कैलाश यादव ने भी इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### राज्यों की राजधानियों को सीधी रेल सेवा से जोड़ा जाए : शैलेश सिन्हा

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश के रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने पीएम मोदी से देश के सभी राज्यों की राजधानियों को एक-दूसरे से सीधी रेल सेवा के माध्यम से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह कदम देशभर के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा और राष्ट्रीय एकता को भी मजबूती प्रदान करेगा। शैलेश कुमार सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में देश की राजधानी दिल्ली को विभिन्न राज्यों की राजधानियों से सीधे जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया था। अब समय की आवश्यकता है कि भारत के प्रत्येक राज्य की राजधानी को अन्य राज्यों की राजधानियों से भी सीधी रेल सेवा के माध्यम से जोड़ा जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में कई ऐतिहासिक और जनहितकारी फैसले लिए गए हैं। उन्हें विश्वास है कि यह महत्वाकांक्षी पहल भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो सकती है, जिससे करोड़ों रेल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में कई राज्यों के बीच सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण लोगों को यात्रा के दौरान कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है। विशेष रूप से किसी परिवार में मृत्यु, दुर्घटना या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में दूसरे राज्यों में रहने वाले रिश्तेदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ नागरिकों और 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को एक या दो स्थानों पर ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय, धन और ऊर्जा की अतिरिक्त खपत होती है। यदि सभी राज्य राजधानियों के बीच सीधी रेल सेवा शुरू की जाती है तो यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे रेल मंत्रालय को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दें, ताकि देश के रेल यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा किया जा सके।

### पास नहीं देने पर एसयूवी सवार चार लोगों को पीटकर किया जख्मी

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के क्लब रोड खिजुरिया तालाब के पास पास नहीं देने से गुस्साए युवकों के एक समूह ने दूसरी गाड़ी पर सवार चार लोगों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। हॉकी स्टिक व ठोस वस्तु से किए गए वार से जख्मी राजदीप बागे, सुमित तिर्की और रिशुम निलेश तिग्गा तो वहां से भाग निकले, लेकिन हमलावरों ने एक युवक को पकड़ लिया और उसपर सड़क किनारे पड़े बोल्डर व ईंट से सिर व शरीर के विभिन्न अंगों पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद थार गाड़ी संख्या जेएच-01-ईजे- 0018 पर सवार हमलावरों ने राजदीप की एसयूवी गाड़ी की चाबी, पर्श, कागजात लेकर भाग निकलने में कामयाब हो गए। मामले में राजदीप की लिखित शिकायत पर थार गाड़ी पर सवार हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि सूचक अपने दोस्तों के साथ गुरुवार को एसयूवी से चुटिया की ओर सुबह 4.54 बजे जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रही थार गाड़ी के चालक ने ओवरटेक का प्रयास किया, सड़क पर जगह नहीं होने की वजह से सूचक ने अपनी गाड़ी को कुछ दूर आगे ले जाकर किनारे खड़ा किया। इसी बीच थार गाड़ी पर सवार छह युवक बाहर निकले और पहले तो उन लोगों में एसयूवी गाड़ी में तोड़फोड़ की। इसके बाद सूचक समेत अन्य पर हमला बोल दिया और उनकी जमकर पिटाई की। इधर, केस दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने थार गाड़ी पर सवार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# झारखंड पात्रता परीक्षा कल, प्रशासन अलर्ट

- समाहरणालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक, नकल रोकथाम, सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 (विज्ञापन सं०-08/2025) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकबैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) धनंजय ने की। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार सहित सभी प्रतिनियुक्त गश्ती-सह-जोनल दंडाधिकारी, पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दंडाधिकारी, केंद्र अधीक्षक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अपर जिला दंडाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी, नकल-रोधी व्यवस्था, परीक्षार्थियों की सुविधा, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार, झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 14 जून (रविवार) को एक पाली में किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कुल 5 उप-केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रशासन द्वारा परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल की तैनाती सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

अपर जिला दंडाधिकारी धनंजय ने कहा कि यह परीक्षा राज्य के युवाओं के भविष्य से जुड़ी हुई है, इसलिए इसे पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बीआईटी मेसरा में एआई-हाइडा 2026 का सफल समापन

# 90 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के मात्रात्मक अर्थशास्त्र एवं डेटा विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक सप्ताहीय संकाय विकास कार्यक्रम "एआई-हाइडा 2026: हाइपरस्पेक्ट्रल डेटा विश्लेषण हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता" का सफल समापन हो गया।

यह कार्यक्रम ई एंड आईसीटी अकादमी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पटना के सहयोग से तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना के मार्गदर्शन में किया गया।

इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से 90 से अधिक संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग, दूरसंवेदी प्रौद्योगिकी एवं भू-स्थानिक विश्लेषण के आधुनिक तकनीकी आयामों से परिचित कराना था।

### महिला सशक्तिकरण पहल 'अपनों की उड़ान' का शुभारंभ आज



**रांची।** भारतीय संस्कृति, कला और परंपरा को समर्पित "परम्परा – कला और विरासत प्रदर्शनी" के प्री-लॉन्च एवं महिला सशक्तिकरण की नई पहल "अपनों की उड़ान" के शुभारंभ अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शनिवार को शाम 4:00 बजे मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह होंगी। इस अवसर पर भारतीय कला, संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई पहल "अपनों की उड़ान" की शुरुआत की जाएगी। आयोजकों ने सभी नागरिकों, कला प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस विशेष कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## अवैध बोरिंग पर नगर निगम सख्त

# बिना अनुमति 6 इंच बोरिंग पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शहर में भू-गर्भ जल के अनियंत्रित दोहन पर रोक लगाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने अवैध बोरिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में जलापूर्ति शाखा के पदाधिकारियों एवं रिग मशीन (बोरिंग) संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर में बढ़ रही अवैध बोरिंग गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में केवल 207 रिग मशीनों का निबंधन वैध है। अपर नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना अनुमति संचालित होने वाली 6 इंच बोरिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अब 4 इंच बोरिंग कराने के लिए भी रांची नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

अवैध बोरिंग गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निगम की रात्रि प्रवर्तन (इनफोर्समेंट) टीमों को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा शहर में अवैध बोरिंग से संबंधित विज्ञापन, पोस्टर या अन्य प्रचार सामग्री पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में भू-गर्भ जल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर भी चर्चा की गई। अपर नगर आयुक्त ने नागरिकों से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, अनावश्यक दोहन से बचने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन से भू-गर्भ जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचा जा सकेगा।

संजय कुमार ने कहा कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने की आवश्यकता है। बैठक में सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता,

## मॉनसून से निपटने को नगर निगम की बड़ी तैयारी

# 11 क्विक रिस्पांस टीमों का गठन कंट्रोल रूम 24x7 सक्रिय रहेगा

**रांची।** आगामी मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर में संभावित जल जमाव, पेड़ गिरने और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में स्वच्छता एवं परिवहन शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जल जमाव, नालियों के अवरोध और पेड़ गिरने जैसी घटनाओं पर त्वरित राहत देना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नगर आयुक्त ने 11 क्विक रिस्पांस टीमों के गठन का निर्देश दिया, जिनमें 10 टीमें विभिन्न जोनों में तथा एक विशेष टीम आपात स्थिति में कार्य करेगी। इन टीमों में सफाई मित्रों, अभियंताओं एवं सुपरवाइजरों को शामिल किया जाएगा ताकि जल निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जा सके।

बैठक में संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत हाई पावर मोटर पंप, जेसीबी, स्किड लोडर सहित अन्य मशीनों की संख्या बढ़ाने तथा फील्ड में उनकी तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नगर निगम ने नाला-नाली सफाई अभियान को युद्धस्तर पर चलाने, खुले नालों पर बैरिकेडिंग लगाने तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास विशेष सफाई अभियान संचालित करने का निर्णय लिया है। साथ ही होर्डिंग एवं अस्थायी संरचनाओं की जांच अनिवार्य की गई है।

## दृष्टिपात

### अग्रवाल सभा चुनाव : नामांकन वापसी के बाद 31 उम्मीदवार मैदान में, अंतिम सूची जारी

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के सत्र 2026-28 की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कुल 36 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए थे। सभी नामांकन-पत्रों की विधिवत जांच की गई, जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए।उन्होंने बताया कि नामांकन-पत्र वापसी के अंतिम दिन पांच उम्मीदवारों ने स्वेच्छा से अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद चुनाव मैदान में कुल 31 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। निर्वाचन समिति द्वारा इन सभी प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार चुनाव मैदान में शामिल उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं-अजय कुमार खेतान, अजय कुमार डिडवानिया, अनिल अग्रवाल, अमर अग्रवाल, अरुण भरतिया, अशोक कुमार लाठ, किशन कुमार पोद्दार, कौशल कुमार राजगढ़िया, जितेश अग्रवाल, नरेश कुमार बंका, निकुंज पोद्दार, निर्मल कुमार बुधिया, विजय कुमार खोवाल, विनोद कुमार टिबड़ेवाल, मनोज कुमार चौधरी, मनोज कुमार ढाढनिया, मुकेश जाजोदिया, राजकुमार मित्तल, रामाशंकर बगड़िया, रौनक झुनझुनवाला, विकास अग्रवाल, शारदा ड्रोलिया, सज्जन कुमार पाड़िया, संजय बजाज, संजय सर्राफ, सुनील कुमार केडिया, सुनील कुमार पोद्दार, सुभाष चंद्र पटवारी, सुरेश कुमार चौधरी, सुरेश कुमार पोद्दार एवं सौरभ बजाज।

### पहलवान प्रियंका विश्व कुश्ती चैंपियनशिप चयन ट्रायल के लिए सोनीपत रवाना



**रांची।** अंडर-17 सब जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु झारखंड की होनहार पहलवान प्रियंका महतो अपने प्रशिक्षक राजीव यादव के साथ सोनीपत, हरियाणा के लिए रवाना हुईं। यह चयन ट्रायल 14 जुलाई 2026 को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रियंका महतो, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता की पदक विजेता हैं, इस ट्रायल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। चयन ट्रायल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन यू-17 सब जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 के लिए किया जाएगा, जो 27 जुलाई से 02 अगस्त 2026 तक बाकू, अजरबैजान में आयोजित होगी, जहां चयनित खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रियंका महतो के चयन ट्रायल के लिए रवाना होने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, खेल निदेशक, अभिभावक के. रवि कुमार, महासचिव रजनीश कुमार, जेएसएसपीएस के सीईओ एनके झा सहित खेल जगत के कई पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### परीक्षार्थियों के लिए रांची–हावड़ा परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन, 13 जून से

**रांची।** ट्रेनों में बढ़ती भीड़ एवं कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में आयोजित पश्चिम बंगाल सिविल सेवा परीक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 08616/08615 रांची-हावड़ा-रांची परीक्षा स्पेशल का परिचालन किया जाएगा। ट्रेन संख्या 08616 रांची–हावड़ा परीक्षा स्पेशल 13 जून 2026 (शनिवार) को रांची से रात 21:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मूरी, झालिदा, बोकारो स्टील सिटी, भोजूडीह, आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर एवं खड़गपुर होते हुए 14 जून की सुबह 06:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 08615 हावड़ा–रांची परीक्षा स्पेशल 14 जून 2026 (रविवार) को हावड़ा से 20:45 बजे प्रस्थान करेगी और खड़गपुर, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा, आद्रा, भोजूडीह, बोकारो स्टील सिटी, झालिदा एवं मूरी होते हुए 15 जून की सुबह 05:15 बजे रांची पहुंचेगी। दोनों ट्रेनों में कुल 19 कोच होंगे, जिनमें 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 13 द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच शामिल हैं। रेलवे प्रशासन ने कहा कि यह विशेष सेवा परीक्षार्थियों एवं यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही है, ताकि परीक्षा के दौरान सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

### उमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



**रांची।** रेलवे कॉलोनी स्थित पानी टंकी ए-टाइप ग्राउंड में शुक्रवार से आयोजित स्वर्गीय उमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले एवं अन्य जिलों की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति ट्रस्ट के संरक्षक श्री रोशन सिंह जी, वार्ड 46 की पार्षद श्रीमती आरती कुमारी, श्री श्री माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री राम कुमार सिंह, सचिव श्री उज्ज्वल आनंद, कोषाध्यक्ष श्री अमित कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी श्री अनीश कुमार, राजू राम, मंटू सिंह, अजय कुमार गोंड सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रांची नगर निगम की राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक

# कर वसूली अभियान तेज करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में होल्डिंग टैक्स संग्रहण अभियान को और तेज करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 30 जून 2026 तक 50 करोड़ रुपये कर संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगम द्वारा अब तक 32 करोड़ रुपए की राशि का संग्रहण किया जा चुका है।

इस संबंध में गुरुवार को उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर संग्रहण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

उप नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे करदाताओं से सीधे संपर्क स्थापित करें, उन्हें कर भुगतान के प्रति जागरूक करें तथा संग्रहण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि प्रथम तिमाही के निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना निगम की प्राथमिकता है। करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए रांची नगर निगम ने 30 जून 2026 तक होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत तक की छूट देने की व्यवस्था की है। यह छूट वित्तीय वर्ष 2026-27 के देय होल्डिंग टैक्स पर लागू होगी। उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू ने शहरवासियों और करदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर इस विशेष छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि करदाताओं का सहयोग शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### हाईकोर्ट के अधिवक्ता पर फायरिंग मामले का खुलासा, चचेरे भाई समेत दो गिरफ्तार

**रांची।** रातु थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर हुई फायरिंग की घटना का रांची पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अधिवक्ता का चचेरा भाई और कथित शूटर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पैतृक जमीन विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया था। ानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर 2024 को अधिवक्ता बब्बन प्रसाद ने रातु थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि झारखंड हाईकोर्ट से अपने घर लौटने के दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर पीछे से गोली चला दी थी, जिससे वे घायल हो गए थे। इस संबंध में रातु थाना कांड संख्या 326/24 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## डीपीएस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों और नशा की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं सेवन के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध, महिला एवं बालकों से संबंधित अपराधों तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति छात्रों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक डीएसपी एवं हटिया डीएसपी ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साइबर अपराध से संबंधित सत्र में अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, साइबर बुलिंग और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

### आज / कल




# नामकुम गोलीकांड में दो आरोपी गिरफ्तार अन्य की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

**रांची।** 10 जून की संध्या लगभग 18:00 बजे अराफात अपार्टमेंट, सामलौंग क्षेत्र में शमशेर आलम को गोली मारकर घायल करने की घटना सामने आई थी। इस मामले में घायल शमशेर आलम के पिता सउद आलम के फर्द बयान के आधार पर संबंधित थाने में कांड दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद टीपू उर्फ सद्दाम (उम्र 28 वर्ष), पिता मोहम्मद समसू, निवासी मौलाना आजाद कॉलोनी, गली नंबर-5, थाना नामकुम, रांची तथा मोहम्मद इरशाद आलम उर्फ बौना (उम्र लगभग 28 वर्ष), पिता सरोज अंसारी, निवासी मौलाना आजाद कॉलोनी, गली नंबर-11, थाना नामकुम, रांची शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। इस कांड के उद्भेदन में नामकुम थाना प्रभारी राजनारायण सिंह की भूमिका अहम रही।

# अंडर-11 वर्ग में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने जीती ट्रॉफी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में चल रही 25वीं झारखंड राज्य जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2026 में शुक्रवार को अंडर-7 और अंडर-11 वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-7 बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की मानन्या मार्डी, रांची की ईशान्वी सिन्हा और ध्वनि मोदी तथा पश्चिमी सिंहभूम की सनाया सिंह ने ट्रॉफी अपने नाम की।

अंडर-11 ओपन वर्ग में रांची के मार्क रतन लकड़ा, पश्चिमी सिंहभूम के अधिक अद्वितीय राज, पूर्वी सिंहभूम के मैती सौरिष और हजारीबाग के सरनम समर्थ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## राजभाषा हिंदी | केंद्रीय भूमि जल बोर्ड में राजभाषा हिंदी कार्यशाला आयोजित

# कार्यालय के कार्यों में हिंदी प्रयोग पर दिया जोर

- आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची ।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड राज्य एकक कार्यालय एवं प्रभागीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रांची के अशोक नगर स्थित कार्यालय में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन एवं इसके अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना; प्रभारी अधिकारी रोज अनीता कुजूर तथा कार्यपालक अभियंता एस. सी. प्रसाद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक नंदू खलको एवं कनिष्ठ हिंदी अनुवादक भारती महतो ने विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने राजभाषा नीति, टिप्पण एवं आलेखन, सरकारी पत्राचार की सरल एवं शुद्ध शैली तथा राजभाषा अधिनियम के संवैधानिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि राजीव रंजन शुक्ला ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि कार्यालयीन कार्यों में इसका अधिकतम उपयोग एक नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं कार्यपालक अभियंता एस. सी. प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रभारी अधिकारी रोज अनीता कुजूर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा नीति एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी। नंदू खलको ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा का कार्यान्वयन केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि वर्षभर की निरंतर जिम्मेदारी है।

कार्यशाला अत्यंत संवादात्मक रही, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहम्मद शादमान द्वारा किया गया।

## खूंटी जिला फुटबॉल लीग का शुभारंभ

**खूंटी।** खूंटी जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला फुटबॉल लीग का शुभारंभ स्थानीय बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। आज के उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि के रूप में रानी टूटी अध्यक्ष नगर पंचायत खूंटी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी निखिल बरला खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं की किक ऑफ कर लीग मैच का उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच अमित ब्रदर्स बनाम बीएमसी गोविंदपुर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई पहले हाफ तक बराबरी पर रही सेकंड हाफ में बीएमसी गोविंदपुर के सुदर्शन ने 48 मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को एक शून्य से विजय बना दी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी निखिल बरला को संघ के पदाधिकारी की ओर से सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त से की भेंट

# विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग

- बचरा बाजार टांड़ में पेवर ब्लॉक युक्त हाई लेवल शेड एवं डिसेंट्रलाइज्ड सोलर लाइट व्यवस्था स्थापित करने की मांग रखी

**नवीन मेल संवाददाता**




**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के समग्र विकास एवं लंबित जनहितकारी योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने की दिशा में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह ने चतरा उपायुक्त रवि आनंद से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड तथा दिशा (डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) की बैठक में उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र कोयला उत्पादन का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद कई बुनियादी सुविधाओं से अभी भी वंचित है। क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी फंड से विभिन्न विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बचरा बाजार टांड़ में पेवर ब्लॉक युक्त हाई लेवल शेड एवं डिसेंट्रलाइज्ड सोलर लाइट व्यवस्था स्थापित करने की मांग रखी, ताकि बाजार क्षेत्र में आम लोगों एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा पिलाई डैम के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण की योजना को भी जल्द शुरू करने का आग्रह किया गया, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। रविन्द्र सिंह ने +2 बचरा उच्च विद्यालय के पुराने भवन की मरम्मत, विद्यालय परिसर में पेवर ब्लॉक, मंच एवं शेड निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही बचरा 04 नंबर और बाजार टांड़ क्षेत्र में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी उपायुक्त के समक्ष रखी, जिससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी संसाधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बचरा उच्च विद्यालय में टिंकरिंग लैब स्थापित करने का प्रस्ताव भी चर्चा का प्रमुख विषय रहा।

**सर्वेक्षण के लिए इंजीनियरों की टीम भेजी जाए**

क्षेत्रीय संपर्क एवं आवागमन को सुदृढ़ बनाने के लिए बचरा 04 नंबर और बाजार टांड़ को जोड़ने वाले पिलाई डैम पुल के निर्माण की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से पिपरवार क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी तथा लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उपायुक्त रवि आनंद ने सांसद प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## विधायक की उपस्थिति में कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**राहे।** स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में राहे प्रखंड के कदमडीह गांव में रूदन देवी के द्वारा गार्डवाल निर्माण कार्य, प्रखंड के बासाहातू में सोरो देवी के द्वारा पीसीसी पथ निर्माण कार्य,राहे चौक से कुम्हार टोली तक उर्मिला देवी के द्वारा नाली निर्माण कार्य,कनकट्टा सिमर टोली में पीसीसी पथ,पोगड़ा में स्नानागार एवं पीसीसी पथ निर्माण कार्य,पेनिया में चबूतरा निर्माण एवं बंसिया में पंचायत भवन के समीप पर गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।शिलान्यास के उपरांत विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को राज्य सरकार एवं उनके प्रयास से पूरा किया गया।उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया ताकि वे लाभान्वित हो सके।

उन्होंने ग्रामीणों से कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने एवं कार्य में सहयोग करने का अपील भी किया।इस मौके पर राहे जिप सदस्य बदल महतो,युवा नेता राजू महतो,परमेश्वर महतो,पशुपति अहीर,महेंद्र प्रसाद महतो,दुर्गा उरांव,केशव महतो,पवन साव,रतन सिंह मुंडा,देवगुण महतो,परेश महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### डालसा के 90 दिवसीय जागरूकता अभियान

## आम लोगों को कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को कांके प्रखंड में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा श्री सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश, सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त रांची श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डालसा सचिव श्री राकेश रौशन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं, लेकिन जब उनके हाथों में शिक्षा की जगह श्रम का बोझ डाल दिया जाता है तो उनका बचपन और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक अपराध है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने वर्ष 2002 में इस दिवस की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को खतरनाक कार्यों और मजदूरी से मुक्त कर उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाना है। उन्होंने लोगों से बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूक रहने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया।

### केईसी इंटरनेशनल की हरित पहल

## 200 पौधों का रोपण और 1000 सीड बॉल्स का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड (जी-903 टोरी-पतरातू रेलवे थर्ड लाइन परियोजना) द्वारा क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। परियोजना प्रबंधक सुरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व मुख्य ईएचएस अधिकारी शाकेत सिंह ने किया। अभियान के तहत खलारी प्रखंड कार्यालय, खलारी थाना परिसर, डीएसपी कार्यालय, विभिन्न विद्यालयों, डकरा एवं चूरी स्थित शिव मंदिरों तथा पीएचसी मैक्लुस्कीगंज परिसर में लगभग 200 फलदार पौधों का रोपण किया गया। खलारी थाना परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में डीएसपी आरएन चौधरी तथा थाना प्रभारी पुनि रामकुमार वर्मा ने पौधे लगाए। इस क्रम में खलारी, डकरा, चूरी एवं मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में लगभग 1000 सीड बाल्स का वितरण भी किया गया। इसके अलावा प्रमुख सड़कों के किनारे तथा अन्य उपयुक्त खुले स्थानों पर सीड बाल्स का छिड़काव किया गया, ताकि वर्षा ऋतु में इनसे नए पौधे विकसित हो सकें। अभियान को सफल बनाने में अंकेत सिंह, राकेश दास सहित केईसी इंटरनेशनल के अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## फायरिंग मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के सामलोंग स्थित अराफात अपार्टमेंट के पास हुई फायरिंग की घटना में रांची पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद टीपू उर्फ सद्दाम और मोहम्मद इरशाद आलम उर्फ बौना के रूप में हुई है। दोनों नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार 10 जून की शाम अपराधियों ने शमशेर आलम नामक व्यक्ति को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## करोड़ खर्च के बाद भी पर्यटन के लायक नहीं रहा खलारी तालाब



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** केंद्रीय पर्यटन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत करोड़ रुपये खर्च कर विकसित किया गया खलारी तालाब आज उपेक्षा, अतिक्रमण और गंदगी का शिकार बन गया है। कभी पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बनाने की उम्मीद जगाने वाला यह तालाब अब झाड़ियों और जलकुंभियों के बीच अपनी चमक खो चुका है। वर्ष 2012 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पहल पर 'रांची मेगा टूरिस्ट सर्किट' योजना के तहत खलारी तालाब के सुंदरीकरण के लिए करीब एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। लगभग छह एकड़ क्षेत्र में फैले इस तालाब में पीसीसी भ्रमण पथ, आकर्षक सीढ़ियां, कोटा स्टोन टाइल्स, व्यू प्वाइंट और शौचालय का निर्माण कराया गया था। वर्ष 2015 के आसपास यह कार्य पूरा हुआ और तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया।

**आज / कल**




## रांची रेल मंडल में टैलेंट हंट का भव्य आयोजन, 81 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा गुरुवार को 'टैलेंट हंट–2026' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री करुणा निधि सिंह, दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (सर्वो) की उपाध्यक्षा श्रीमती अजीता रानी तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री हेमराज मीना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में झारखंड गौरव से सम्मानित गायिका एवं अभिनेत्री श्रीमती मोनिका मुंडू तथा कथक नृत्यांगना व कथक अकादमी नृत्यशाला की संस्थापक सुश्री मोनिका डे शामिल रहीं। प्रतियोगिता में रांची रेल मंडल के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टैलेंट हंट–2026 में नृत्य (जूनियर व सीनियर), समूह नृत्य, गायन, वाद्ययंत्र, एंकरिंग, स्टैंड-अप कॉमेडी एवं नाट्य कला सहित कुल नौ विधाओं में 81 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दिनभर चले इस सांस्कृतिक आयोजन में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## किशोरी ने की आत्महत्या पुलिस कर रही मामले की जांच

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बिरसा उरांव की 17 वर्षीय बेटी प्रतीमा कुमारी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। जहां प्रतिमा का शव अपने घर के अंदर रूम में छत की सिलिंग के हुक पर रस्सी से लटका हुआ था। खबर मिलते बेड़ो सर्किल इंसपेक्टर उत्तम कुमार उपाध्यय, थाना प्रभारी मो कफील अहमद शसस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव की पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतका प्रतिमा के पिता बिरसा उरांव ने बताया कि सुबह में घर से छोटी बेटी होलिका कुमारी स्कुल पढ़ने गई थी वहीं बेटा प्रदीप उरांव भी काम पर चला गया था। इसके बाद प्रतिमा को अकेले घर देखने को बोल कर पत्नी के साथ वह जामटोली पहाड़ स्थित झरिया बारी स्थित खेत में खीरा तोड़ने चले गये। उन्होंने बताया कि जब वे घर वापस आये तो कपड़ा सुखाने वाली नाईलोन रस्सी पर रूम के अंदर छत की हुक पर प्रतीमा का झुलता हुआ शव मिला। इधर सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्यय ने बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टा आत्महत्या लग रही है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं थाना प्रभारी कफील अहमद

# असफलताओं से सीखें और अपना रास्ता खुद बनाएं: प्रो. एलिजाबेथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में आयोजित दो दिवसीय तीसरे डॉक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस (डीआरसी)-2026 का समापन शुक्रवार को शोध, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के संदेश के साथ हुआ। सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों के पीएचडी शोधार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम ने शोधार्थियों को अपने शोध पर रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने और समकालीन विषयों पर अकादमिक विमर्श में भागीदारी का अवसर प्रदान किया। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन की प्रो-वाइस चांसलर व आईआईएम उदयपुर की पूर्व रिसर्च चेयर प्रोफेसर प्रो एलिजाबेथ रोज के वक्तव्य से हुई। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अकादमिक करियर प्रत्येक व्यक्ति की अपनी यात्रा होती है, जो अक्सर सीधी रेखा में नहीं चलती। उन्होंने शोधार्थियों को लगातार स्वयं को बेहतर बनाने, असफलताओं से सीखने और अस्वीकृतियों के बावजूद लेखन जारी रखने की सलाह दी। प्रो रोज ने कहा कि शोधकर्ताओं को अपना मार्ग स्वयं बनाना चाहिए व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर सीखते रहना चाहिए। उन्होंने शोध में नैतिक मूल्यों, समय-प्रबंधन, दृढ़ता और सहयोगात्मक कार्य संस्कृति के महत्व पर भी जोर दिया।

**वार्षिक रिपोर्ट और पुरस्कार**

मौके पर रिसर्च एंड पब्लिकेशन एनुअल रिपोर्ट 2026 का भी विमोचन किया गया। रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा करते हुए डॉक्टोरल प्रोग्राम एंड रिसर्च (डीपीआर) के अध्यक्ष प्रो मनीष बंसल ने बताया कि वर्ष के दौरान आईआईएम रांची के शिक्षकों ने वित्त एवं लेखांकन, विपणन, सूचना प्रणाली व बिजनेस एनालिटिक्स, संचालन प्रबंधन, ओबीएचआर, अर्थशास्त्र एवं लोक नीति, रणनीति और लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित पीयर-रिव्यूड पत्रिकाओं में 139 शोध पत्र प्रकाशित किए।

# दृष्टिपात

## आदिवासी परिवार की स्थिति दयनीय, सरकारी योजना से वंचित



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत अंतर्गत जारीडीह निवासी कलेश्वर मुंडा को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के कारण स्थिति काफी दयनीय हो गई है। दयनीय स्थिति के कारण उनका परिवार जंगल से लकड़ी चुनकर तथा उसे बाजार में बेचकर अपना किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं।यहां तक कि उनका रहने का घर भी नहीं है एवं सरकार द्वारा किसी भी योजना के अंतर्गत आवास भी नहीं मिला है जिससे उनका परिवार एक मिट्टी के कमरे में ही बकरी, बैल,मुर्गा एवं मुर्गी रखते हैं तथा इसी कमरे में उनका परिवार खाना बनाने से लेकर रहने को विवश है।अभी तक इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान आकर्षित नहीं हुआ है ताकि इस गरीब परिवार को सरकार द्वारा लागू योजनाओं का लाभ मिल सके।

## चार दिन बाद भी युवक का सुराग नहीं, परिजन परेशान

**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा नावाघर गांव निवासी 19 वर्षीय सूरज उरांव मंगलवार की अहले सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने रिश्तेदारों, मित्रों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। युवक के लापता होने से परिवार चिंतित है। परिजनों ने बताया कि सूरज के संबंध में मौखिक सूचना थाना को दे दी गई है।

## डीडीसी ने निर्माणाधीन मार्केटिंग कांप्लेक्स और विवाह मंडप का निरीक्षण किया

**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी नारों बाजार में निर्माणाधीन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स एवं विवाह मंडप का शुक्रवार को उप विकास आयुक्त संजय कुमार भगत ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं को समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के साथ ही निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम, सहायक अभियंता अरविंद कुमार सहित अन्य अभियंता एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर व्यावसायिक एवं सामाजिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा तथा सामाजिक कार्यों के लिए सभी सुविधायुक्त भवन मिलेगा।

## डीएसपी ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा




**खलारी।** खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने शुक्रवार देर शाम थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा एवं सैट बल के साथ क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान केडी मार्केट, डकरा बाजार और राय बाजार में यातायात को व्यवस्थित करने के साथ-साथ आपराधिक गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था, सड़क पर लगने वाली भीड़ तथा आवागमन की स्थिति का जायजा लिया। डीएसपी ने पुलिस कर्मियों को बाजारों में नियमित निगरानी रखने और यातायात बाधित करने वाले कारणों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हाल ही में खलारी के व्यवसायियों के साथ हुई बैठक में बाजार क्षेत्रों में बढ़ती यातायात समस्या और अव्यवस्थित पार्किंग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। व्यवसायियों ने ग्राहकों और आम लोगों की सुविधा के लिए यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। इसी के मद्देनजर पुलिस द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अधेड़ का शव

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लालपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव रेलवे ट्रैक के पिलर संख्या 160/19/21 के बीच पड़ा मिला। सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान हेसालांग निवासी महेशप्रसाद साहू के रूप में हुई। मृतक के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता अस्वस्थ थे और रांची में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे वह अपनी टीवीएस लूना से घर से निकले थे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। बाद में रेलवे ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स, रांची भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## गुफरान अंसारी ने जेएलकेएम के सभी पदों से दिया इस्तीफा



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के पिरुटोला निवासी जेएलकेएम के सक्रिय कार्यकर्ता मो. गुफरान अंसारी ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा पत्र झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष मोहसिन रजा को सौंपा। निजी व पारिवारिक व्यस्तता को वजह बताते हुए उन्होंने इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

## बैंक के अंदर बैग से 25 हजार रु की चोरी

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के गुमला रोड स्थित यूको बैंक में दिन के बारह बजे जेजे टोली नेहालू निवासी किसान नदिया उराईन पति कार्तिक उरांव के साथ रूपए निकालने बैंक आई थी। उसने कैश काउंटर से अपने बचत खाता से 25 हजार रुपए नकद राशि की निकासी की और निकाली गई 25 हजार रुपए की राशि को अपने बैग में चैन खोलकर रखी और काउंटर से पासबुक लेने लगी। तभी उसने अपने बैग में पासबुक रखना चाहा तो उसने पाया कि बैग में उसके द्वारा रखे गए 25 हजार रुपए की राशि बैग से गायब मिलने पर उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत अपने पति को मामले की जानकारी दी। दोनों पति-पत्नी ने बैंक के अधिकारियों को बताया कि निकाली गई उसकी 25 हजार रुपए गायब हो गए हैं। किसी ने उसकी राशि बैग से चोरी कर लिया है। गायब राशि की तलाश में बदहवास बैंक में सभी तलाश करने लगे लेकिन राशि का कोई पता नहीं चला। बैंक के शाखा प्रबंधक ने बैंक में लगी सीसीटीवी का फुटेज खंगाला तो पाया कि दो महिलाएं बैंक की सीढ़ी से ही दोनो का पीछा कर रहे थे। दोनों महिलाओं की पहचान नहीं हो पाई थी।

# विश्व रक्तदान दिवस पर आज होगा शिविर का आयोजन

● शिविर में डाकघर के कर्मचारी रक्तदान करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस 2026 पर प्रधान डाकघर रामगढ के परिसर में प्रधान डाकघर रामगढ के पोस्टमास्टर मो जशीम खान के नेतृत्व में सभी डाक विभाग कर्मचारियों ने देश में रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखकर शुक्रवार को शपथ लिया।




मौके पर सभी कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि वे राष्ट्रहित में अपने परिवार, दोस्तों,रिश्तेदार, सहयोगियों और जनता को नियमित ,स्वैच्छिक ,अवैतनिक रक्तदान करूंगा और रक्तदान की आवश्यकता के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास करूंगा । इस अवसर पर डाकघर रामगढ कैन्ट सब डिवीजन मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने कहा कि प्रधान डाकघर रामगढ परिवार की तरफ से 14 जून 2026 की सुबह 9:30 बजे से रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें डाकघर के कर्मचारी रक्तदान करेंगे। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने जिले के सभी लोगों से निवेदन किया कि कि जो लोग भी अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहते हो वे 14 जून 2026 को प्रधान डाकघर परिसर में सादर आमंत्रित हैं।

रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए डाकघर रामगढ की ओर से चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों को आवश्यक उपकरण की आवश्यकता के लिए आवेदन दिया गया है। आज के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से सहायक डाकपाल रामेश्वर प्रसाद, रामखेलावन चौधरी, नरेंद्र सिंह, शम्भु दत्त सिंह, शुभम सौरभ, सौरभ कुमार, अमन कुमार, रंजन कुमार, चंदन कुमार महतो, विकास राय, पीयूष कुमार, अंकित कुमार, संतोष कुमार, रंजन कुमार,राजकपूर कुमार, रंजीत रजवार, आदर्श अनिकेत, जसमीणा, जीवंत भोक्ता,ब्रह्मदेव महतो, रिमझिम कुमारी, बबीता कुमारी,त्रिदेव ,रवि कुमार, अरजलाल महतो, बीरबल मांझी,समेत अन्य डाक कर्मचारी उपस्थित हुए।

## भू माफियाओं ने महंत को बेच दिया तीन एकड़ जीएम लैंड, सीओ ने रोका काम

**रामगढ़।** रामगढ़ में भू माफियाओं का आतंक कम करने के लिए अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भू माफिया सरकारी जमीन को हड़पने से बाज नहीं आ रहे। इस बार कुछ भू माफियाओं ने एक महंत को ही सरकारी जमीन बेंच डाली। जब अधिकारियों को इस बात का पता चला तो उन्होंने जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया। साथ ही वहां जमीन सरकारी है इसका बोर्ड भी लगा दिया। महंत श्री पुरुषोत्तम नंद तीर्थनाथ बना रहे थे मंदिर बाजार समिति के पीछे जिस जमीन पर चारदिवारी का निर्माण कार्य चल रहा था, उसके कर्ताधर्ता महंत पुरुषोत्तम नंद तीर्थनाथ हैं। जब अधिकारी वहां पहुंचे तो महंत ने भी उनके सामने पहुंचकर सारी बातें रखी। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि हीरालाल महतो, कौलेश्वर महतो, कृष्णा महतो आदि लोगों ने 3.10 एकड़ जमीन उन्हें मंदिर बनाने के लिए दी है।

## बारिश...



## जिले में हुई जोरदार बारिश, खेती बारी की तैयारी में जुटे किसान

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में शुक्रवार को 4:00 बजे जोरदार बारिश हुई। जिससे तापमान में कमी आई और लोगों को राहत मिली। इधर, बारिश के साथ जिले में लोगों ने खेतीबारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

लोग धान की फसल के लिए इसके बिचड़े की तैयारी में लग गए हैं।

इसके लिए खेत की जुताई कर लोग विभिन्न कंपनी के धान खरीद रहे हैं। ताकि बिहीन के लिए नर्सरी की तैयारी करें। इससे वे समय पर धान की रोपनी कर सकेंगे।

किसान मकई सहित अन्य खरीफ की फसलों की तैयारी में जुट गये हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जनता दरबार का आयोजन

# अधिकारियों को दिए गए कार्य के निर्देश

● अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ ॠतुराज की अध्यक्षता में 'जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कुल 16 आम नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बारी-बारी मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जनता दरबार में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं, अबुआ आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं दखल दिहानी के मामले, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण सहित अन्य जन समस्याएं सामने आईं।

प्रप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय डेवलपमेंट टास्क फोर्स की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ॠतुराज की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय डेवलपमेंट टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले के समग्र विकास, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक हुए कार्य प्रगति का पीपीटी के माध्यम से क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स के अंतर्गत विकास शाखा दो अलग-अलग विंग में कार्य करेगी। प्रथम विंग डीएमएफटी ( डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट ) से संबंधित योजनाओं पर कार्य करेगा, जबकि दूसरा विंग विभिन्न योजनाओं के समन्वय एवं क्रियान्वयन पर कार्य करेगा, जिसमें सीएसआर, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से संबंधित योजनाएं शामिल होंगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ जिले के विकास को नई दिशा देना है। इसके तहत डीएमएफटी के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, आधारभूत संरचना, कौशल विकास एवं अन्य जनकल्याणकारी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन में स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

## दुष्कर्म का दबाव बनाने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भुरकुंडा।** बासल थाना पुलिस ने गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का पीछा कर उन्हें डराने-धमकाने, अवैध संबंध बनाने का दबाव डालने तथा मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में बासल थाना कांड संख्या 07/2026, दिनांक 11 जून 2026 के तहत बीएनएस की धारा 305(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 10 जून की रात करीब 8:15 बजे एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को मोटरसाइकिल से लेकर भुरकुंडा से पतरातू की ओर जा रहा था। इसी दौरान भुरकुंडा निवासी मनोज कुमार (38 वर्ष) और भदानीनगर के कुरसे बस्ती निवासी कृष्णा कुमार तुरी (30 वर्ष) ने उन्हें देखा और अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से पीछा करना शुरू कर दिया।

## आयुष्मान योजना के विस्तार और टीबी उन्मूलन अभियान को बनाएं प्रभावी : डीसी

● योजनाओं और सुविधाओं की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग/बरही।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अस्पतालों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, ब्लड बैंक व्यवस्था, आयुष्मान भारत योजना, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम तथा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को लाभ पहुंचाने तथा टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता एवं जनसुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और आम लोगों को समयबद्ध एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### जेएलकेएम रामगढ़ जिला पुनर्गठन को लेकर बैठक, कहा

## संगठन का पुनर्गठन भी संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ जिला इकाई के पुनर्गठन को लेकर पटेल छात्रावास, रामगढ़ में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला संगठन के पुनर्विस्तार के लिए प्रभारी मोतीलाल महतो, दिनेश साहू, फरजान खान, पवन रजक एवं इंजीनियर मुकेश महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रभारियों ने कहा कि केंद्रीय संगठन के पुनर्विस्तार के बाद



जिला संगठन का पुनर्गठन भी संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अध्यक्ष पद के लिए गिरीशंकर महतो, संजय महतो, सुजीत कुमार, डॉ. राजेश महतो, रामेश्वर महतो, त्रिभुवन महतो, साईनाथ महतो, विजय महतो, सुरेंद्र महतो, अशोक चौधरी, लक्ष्मण तुरी, शिव नंदन मुंडा, पांडव महतो, देवानंद कुमार, कैलाश साव, कामदेव महतो, पंकज कुमार, सहदेव महतो, तपन महतो, ओम प्रकाश महतो एवं आनंद कटियार सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपना-अपना नाम प्रभारियों को सौंपा।

## वैज्ञानिक परीक्षा में वर्ल्ड टॉप फाइव में चुने गए वेद रंजन

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा निवासी वेद प्रकाश रंजन ने वाशिंगटन अमेरिका में आयोजित विज्ञान विषय सह वैज्ञानिक परीक्षा में वर्ल्ड फाइव टॉपर घोषित किये गये हैं। पांच जून 2026 को जारी साइरैंक ग्लोबल में वेद प्रकाश रंजन को विश्व के शीर्ष 5 वैज्ञानिकों में स्थान दिया गया है। जानकारी हो कि उपराष्ट्रपति के द्वारा पीएचडी की डिग्री मिलने के बाद वेद प्रकाश रंजन ने अपनी पढ़ाई जारी रखा। वर्तमान में वह आईआईटी जम्मू में प्रोफेसर कम डायरेक्टर के पद पर रहते हुए पूरे विश्व स्तर पर अमेरिका वाशिंगटन में परीक्षा लिखा था। इनकी पढ़ाई



आईआईटी खड़गपुर एवं वाईडनर विश्वविद्यालय वाशिंगटन अमेरिका से हुई है। वेद प्रकाश रंजन के पिता नागेश्वर महतो सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हैं। जो अभी सैकड़ों विद्यार्थियों को नेतरहाट नवोदय और सैनिक स्कूल विद्यालय में प्रवेश हेतु बच्चों को तैयारी करवाते हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर डीसी का जोर, योजनाओं और सुविधाओं की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग/बरही ।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अस्पतालों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, ब्लड बैंक व्यवस्था, आयुष्मान भारत योजना, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम तथा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को लाभ पहुंचाने तथा टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता एवं जनसुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और आम लोगों को समयबद्ध एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर बरियट्ठा में आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के बरियट्ठा प्राथमिक मध्य विद्यालय में आज 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में कुल 67 लोगों का ओपीडी पंजीकरण किया गया, जबकि 49 लोगों की एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच की गई। 64 लोगों का एक्स-रे किया गया तथा 4 लोगों के स्पुटम (बलगम) के नमूने संग्रहित किए गए। लाभुकों में 16 पुरुष एवं 51 महिलाएं शामिल रहीं।

आज के शिविर में डॉ. अंकुर विहान, बिजेंद्र कुमार, माया देवी, बबिता देवी, फुल देवी, रीना वर्मा, सनौवर प्रवीण, सलेन्द्र कुमार, विक्रम कुमार एवं शमसाद आलम उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### बिजली बिल भुगतान कर विभाग का सहयोग करने की अपील

## गर्मी में बढ़ गई है बिजली की मांग उपभोक्ता करें ऊर्जा संरक्षण : सौरभ

● बिजली विभाग की सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए उपभोक्ताओं का समय पर बिजली बिल भुगतान करना भी जरूरी है

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने आम उपभोक्ताओं से बिजली का सदुपयोग करने एवं समय पर बिजली बिल भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी और जल स्रोतों के सूखने के कारण विद्युत उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वहीं दूसरी ओर बढ़ते तापमान के कारण पंखे, कूलर, एसी एवं अन्य विद्युत उपकरणों के अधिक उपयोग से बिजली की खपत और मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में



बिजली का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता अनावश्यक रूप से जल रहे बल्ब, पंखे एवं अन्य विद्युत उपकरणों को बंद रखें तथा एलईडी जैसे ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग करें। इससे बिजली की बचत होगी और सभी उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। श्री लिंडा ने कहा कि बिजली विभाग की सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए उपभोक्ताओं का समय पर बिजली बिल भुगतान करना भी जरूरी है। नियमित बिल भुगतान से रखरखाव, मरम्मत एवं अन्य विकास कार्यों को गति मिलती है, जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने आम जनता से बिजली को बहुमूल्य संसाधन मानते हुए इसके संरक्षण तथा जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की।

**समर कैंप** चार दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप समापन, 5-20 वर्ष के बच्चों और युवाओं ने लिया भाग

# बच्चों ने सीखे योग, सेल्फ डिफेंस और खेल कौशल

● बच्चों की शारीरिक क्षमता और टीम भावना को विकसित करने पर जोर दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा ।** शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप का शुक्रवार को वर्कर्स क्लब रिवरसाइड भुरकुंडा में समापन हुआ। कैंप में 5-20 वर्ष तक के बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार दिनों तक प्रतिदिन तीन घंटे चले



इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम, योग, कराटे (सेल्फ डिफेंस) तथा खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। योग सत्र में वृक्षासन, ताड़ासन, अंजनेय आसन, नटराज आसन, नौकासन, गोमुखासन सहित भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को हाथ छुड़ाने, गर्दन पकड़ से बचने तथा पीछे से पकड़े जाने की स्थिति में स्वयं की रक्षा करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।

इसके अलावा लाठी संचालन एवं लाठी से बचाव की तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया गया। खेल गतिविधियों में लैडर ड्रिल, हूपला, रस्साकशी, खो-खो और रस्सी कूद जैसे खेलों के माध्यम से बच्चों की शारीरिक क्षमता और टीम भावना को विकसित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के समापन पर बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित रूप से हेल्दी फूड और हेल्दी ड्रिंक का सेवन करने की सलाह दी गई। कैंप का प्रशिक्षण शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के मुख्य प्रशिक्षक क्योशी नरेन्द्र सिन्हा तथा सहायक प्रशिक्षक नन्दू साव एवं तेजश झा द्वारा दिया गया। शिविर में हर्षवीर सिंह, समरवीर सिंह, सुरभी सिंह, चिन्मय झा, चिराग झा, शिवांशी कुमारी, सम्राट कुमार, खुशी कुमारी, दिव्या कुमारी, आशीष कुमार, राधिका कुमारी, अंश कुमार, लाडो कुमारी, मीरा कुमारी सहित बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया।

## बरकट्ठा में भाजपा की एसआइआर जिला योजना को लेकर बैठक




नवीन मेल संवाददाता


**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) जिला योजना बैठक का आयोजन बरकट्ठा भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू ने की,जबकि मंच संचालन बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार आजाद ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी एवं बीएलए-1 बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,जिला महामंत्री सह एसआइआर संयोजक जयनारायण कुशवाहा उपस्थित रहे।वहीं कार्यक्रम में चलकुशा मण्डल अध्यक्ष बासुदेव यादव,इचाक पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अनिल मेहता,इचाक पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह,झरपो मण्डल अध्यक्ष महेश अग्रवाल,बसंत नारायण सिंह, बीरेंद्र मेहता सहित हजारीबाग जिले के सैकड़ों बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में सिमडेगा ने बनाया रिकॉर्ड निदेशक ने डीसी कंचन सिंह को भेजा प्रशंसा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में सिमडेगा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत पूरा कर राज्य में मिसाल पेश की है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जनगणना निदेशालय, झारखंड के निदेशक प्रभात कुमार ने उपायुक्त कंचन सिंह को अर्धशासकीय पत्र भेजकर बधाई एवं प्रशंसा व्यक्त की है।निदेशक द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि झारखंड में जनगणना के प्रथम चरण का क्षेत्रीय कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक निर्धारित था। हालांकि 9 जून 2026 को सीएमएमएस पोर्टल पर उपलब्ध प्रगति रिपोर्ट के अनुसार सिमडेगा जिले ने एचएलओ कार्य को पूरी तरह पूर्ण कर लिया था। उपायुक्त कंचन सिंह के प्रभावी नेतृत्व, सुव्यवस्थित योजना और लगातार निगरानी के परिणामस्वरूप सिमडेगा राज्य के उन अग्रणी जिलों में शामिल हो गया, जिन्होंने मकानों की गणना का कार्य सबसे पहले सफलतापूर्वक संपन्न किया।अपने पत्र में प्रभात कुमार ने उपायुक्त के साथ-साथ सभी चार्ज पदाधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मियों की मेहनत, समर्पण और समयबद्ध कार्यशैली की सराहना की है। उन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि इस अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दो चार्ज पदाधिकारियों के नाम अनुशंसित करें, ताकि उन्हें निदेशालय की ओर से प्रशंसा-पत्र प्रदान किया जा सके।पत्र के अंत में निदेशक ने विश्वास व्यक्त किया है कि जनगणना-2027 के आगामी चरणों में भी सिमडेगा जिला प्रशासन इसी प्रतिबद्धता और दक्षता के साथ सहयोग करता रहेगा। साथ ही जिले की पूरी टीम को भविष्य के प्रशासनिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं भी दी गई हैं।





प्रभात कुमार, भा. प्र. से.
PRABHAT KUMAR, IAS
निदेशक,
DIRECTOR

Ministry of Home Affairs
Directorate of Census Operations, Jharkhand
JIADA Central Office Building
2nd Floor, Industrial Area Namkum, Ranchi-834010

अ० शा० पत्र सं.: जे०11011/22/2026- 243 दिनांक-09.06.2026

प्रिय कंचन जी,

आप अवगत हैं कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना(HLO) का क्षेत्र कार्य झारखण्ड राज्य में दिनांक 16.05.2026 से 14.06.2026 के मध्य किया जा रहा है।

इस सन्दर्भ में आपको हर्ष के साथ सूचित करना है कि दिनांक 09.06.2026 को CMMS Portal पर प्रदर्शित हो रही प्रगति के अनुसार आपके जिले में HLO कार्य की प्रगति 100% प्रदर्शित हो रही है, जो कि अत्यंत ही सराहनीय है। आपके कुशल मार्गदर्शन, उत्कृष्ट नियोजन एवं निरंतर निगरानी की वजह से ही आपका जिला संपूर्ण झारखण्ड में मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने में पहले जिलों में शामिल हो सका है। दुरूह भौगोलिक स्थितियों में भी आपके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने जिस तत्परता एवं समयबद्धता के साथ इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को पूर्ण कर लिया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

मैं इस सफलता हेतु आपको और आपके जिले के सभी चार्ज पदाधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों एवं पूरी टीम को बधाई देता हूँ। साथ ही अनुरोध करता हूँ कि इस कार्य में पूर्ण समर्पण के साथ अपना योगदान देने हेतु अपने जिले से दो चार्ज पदाधिकारियों का नाम अनुशंसित करने की कृपा की जाय जिन्हें इस कार्य हेतु इस कार्यालय के स्तर से प्रशंसा/प्रशस्ति पत्र निर्गत किया जायेगा।

आशा है भारत की जनगणना 2027 से संबंधित शेष कार्यों में भी आपका इसी प्रकार सहयोग प्राप्त होगा। भविष्य में सभी प्रशासनिक प्रयासों के लिये मेरी ओर से आपको पुनः ढेर सारी शुभकामनायें।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय

(प्रभात कुमार)
निदेशक

श्रीमती कंचन सिंह, भा.प्र.से.
उपायुक्त,
जिला-सिमडेगा, झारखण्ड।

## बाल संरक्षण योजना की बैठक में 62 नए बच्चों को मिलेगा लाभ



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में बाल संरक्षण एवं प्रायोजन योजना से संबंधित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।समिति के समक्ष योजना में शामिल करने के लिए 64 बच्चों के आवेदन प्रस्तुत किए गए। जांच के दौरान 62 बच्चों के दस्तावेज निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जिसके बाद उन्हें योजना का लाभ देने की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं दो मामलों में आय संबंधी दस्तावेज अधूरे पाए जाने के कारण अगली बैठक में विचार करने का निर्णय लिया गया।बैठक में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके चार बच्चों को योजना से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिकारियों को ऐसे बच्चों को अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की चार छात्राओं को लाभ जारी रखने तथा विद्यालय नहीं जाने वाली एक बालिका को योजना से हटाने का निर्णय लिया गया।

## ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता**

● **नवा टोली के लगभग 90 जनजातीय परिवारों ने पेयजल समस्या बताई**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के सेवई नवा टोली गांव में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने सेवई बांध का जलस्तर घटने, पानी की कमी और बांध की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि बांध के कारण पहले खेती, पशुपालन और दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी मिलता था, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक हो गई है।ग्रामीणों ने बांध के जीर्णोद्धार और अतिक्रमण हटाने की मांग की। साथ ही नवा टोली के लगभग 90 जनजातीय परिवारों ने हर घर जल योजना के तहत जलमीनार और पेयजल सुविधा नहीं मिलने की समस्या भी उठाई। श्रद्धानंद बेसरा ने आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष उठाएंगे तथा समाधान तक लगातार प्रयास करेंगे। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम आवेदन भी सौंपा।

## बोलबा मुखिया टोली में गोबर गैस संयंत्र का सफल प्रशिक्षण, 19 परिवारों को मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**




**बोलबा।** स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत ग्राम पंचायत समसेरा के बोलबा मुखिया टोली में स्थापित गोबर गैस संयंत्र के सफल संचालन एवं रखरखाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संयंत्र के संचालन, देखरेख और शुल्क संग्रहण के लिए कमल, सीता आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चयन किया गया।योजना के तहत फिलहाल 19 परिवारों को जोड़ा गया है, जिनके घरों से प्रतिदिन गोबर एकत्र कर संयंत्र में डाला जाएगा। इससे उत्पन्न मिथेन गैस का उपयोग परिवार खाना बनाने में करेंगे, जिससे ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा से पहुंचे प्रशिक्षक राधे कुमार ने लाभुकों को संयंत्र के संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति का बैंक खाता खोला जाएगा तथा प्रत्येक लाभुक से शुरुआती तौर पर 30 रुपये शुल्क लिया जाएगा। संयंत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिदिन गोबर डालना अनिवार्य होगा।मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि जिले की 94 पंचायतों में यह अपनी तरह की विशेष योजना है, जिसका लाभ समसेरा पंचायत के ग्रामीणों को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान मोतीराम सेनापति की अगुवाई में पूजा-अर्चना की गई और मुखिया सुरजन बड़ाईक ने फीता काटकर संयंत्र का शुभारंभ किया।ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। बताया गया कि जल्द ही उपायुक्त सिमडेगा एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर होटल से बाल श्रमिक का रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एनसीपीसीआर के राष्ट्रव्यापी बचाव एवं पुनर्वास अभियान 4.0 के तहत ठेठईटांगर प्रखंड के एक होटल से बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में श्रम विभाग द्वारा की गई।अभियान में डीएलएसए, बाल कल्याण समिति, एवीए, चाइल्डलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा छोटानागपुर कल्याण निकेतन की टीम ने सहयोग किया। जांच में पाया गया कि बालक होटल में कार्यरत था, जो बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का उल्लंघन है।रेस्क्यू के बाद बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लेकर शिक्षा, पुनर्वास और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है और जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए नियमित निरीक्षण, जागरूकता एवं कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों और संस्थाओं ने बाल श्रम उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नागरिकों से बाल श्रम की सूचना प्रशासन, श्रम विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन को देने की अपील की।

## बानो में सांप के काटने से युवक घायल, समय पर इलाज से बची जान

**बानो।** प्रखंड के बड़ोमदा गांव में सांप के काटने से एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ोमदा निवासी शुभम बारला मंगलवार रात करीब आठ बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान एक सांप ने उसके पैर में डंस लिया।सांप के काटने का एहसास होते ही शुभम ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले गए, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया।चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि युवक को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया गया।

## 22 जून को बरसलोया में आध्यात्मिक उत्सव, नए आवास में विराजमान होंगे भगवान जगन्नाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया गांव में श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी दिलीप पंडा के नए आवास में 21 एवं 22 जून को गृह प्रवेश एवं भगवानों की स्थापना का भव्य धार्मिक आयोजन होगा। कार्यक्रम के तहत महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा, गौर-निताई सहित अन्य देवी-देवताओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नए आवास में स्थापित किया जाएगा।21 जून को कलश स्थापना होगी, जबकि 22 जून को हवन, गृह प्रवेश, भगवानों का मंगल प्रवेश और विशेष सिंहासन पर उनकी विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इसके बाद भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।रात्रि में महिला कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन स्थल को फूलों और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया जाएगा। मुख्य पुजारी दिलीप पंडा ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## बानो में भाजपा के बीएलए-2 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत बीएलए-2 का आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर भवन बानो में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण, संगठनात्मक जिम्मेदारियों एवं बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला संयोजक मनोज कुमार तथा पूर्व विधायक एवं बीएलए-1 कोचे मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया।मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, महामंत्री परमानंद सिंह, बलराम सिंह, रामचंद्र बड़ाईक, मंत्री विश्वनाथ बड़ाइक, मंडल उपाध्यक्ष भोलाराम बड़ाइक, बहुरन सिंह, एसटी मोर्चा के राबु कंडुलना, एससी मोर्चा के दिनेश नायक, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना देवी, महामंत्री रेणु कुमारी, रुक्मिणी देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदलाल साहू, कोषाध्यक्ष विनय साहू सहित सभी बीएलए-2 और बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## कुरडेग में आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन, किसानों को किया गया प्रोत्साहित

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ नैमन कुजूर ने दीप प्रज्वलित कर किया।मेले में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे प्रगतिशील किसानों ने अपने बागानों में उत्पादित उन्नत किस्म के आमों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में दशहरी, माल्दा, स्वर्णरेखा, मल्लिका, लंगड़ा, हिमसागर, नूरजहां और आम्रपाली सहित कई किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए।इस अवसर पर बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रचार-प्रसार, किसानों को प्रोत्साहित करने तथा उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बेकार पड़ी जमीन पर बागवानी कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।कार्यक्रम में बीपीओ सुलोचनी कुमारी, मुखिया उर्मिला कुजूर, जगेश्वर प्रधान, प्रतिभा कुजूर, पंचायत सचिव अजय तिर्की, सुरसेन साहू, रामनंदन महतो, रोजगार सेवक सहित कई जनप्रतिनिधि और कर्मी उपस्थित थे।

**आधुनिक खेती** — सब्जी की खेती से हर महीने 15 हजार रुपए तक की हो रही कमाई

# किसान पाठशाला से बदली जीतवाहन नाग की तकदीर

● **उत्पादित सामान कोनमेरला, जलडेगा, लम्बोई और सिलिंगा बाजारों में बेचते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**





**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत डूमरबेड़ा गांव निवासी किसान जीतवाहन नाग आज अपनी मेहनत और आधुनिक खेती की तकनीकों के दम पर क्षेत्र के सफल सब्जी उत्पादक किसानों में पहचान बना रहे हैं। कभी पारंपरिक तरीके से खेती करने वाले जीतवाहन नाग को नई कृषि तकनीकों और बेहतर उत्पादन के तरीकों की सीमित जानकारी थी, जिसके कारण उन्हें अपनी मेहनत के अनुरूप लाभ नहीं मिल पाता था। परिस्थितियां तब बदलीं जब उन्होंने लीड्स संस्था द्वारा आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों और किसान पाठशाला से जुड़कर खेती की आधुनिक विधियों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण से मिली सीख, गुणवत्तापूर्ण बीज तथा कृषि संसाधनों के सही उपयोग ने उनकी खेती को नई दिशा दी। आज वे वैज्ञानिक तरीके से खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में जीतवाहन नाग लगभग एक एकड़ भूमि में खीरा, मिर्च, कोहड़ा, लौकी, कलमी साग, पुई साग, शकरकंद, मूली और अदरक समेत कई प्रकार की सब्जियों की खेती कर रहे हैं। किसान पाठशाला से प्राप्त प्लास्टिक नर्सरी बैग, नर्सरी ट्रे, मचान जाल, अजोला तथा अन्य कृषि सामग्रियों का उपयोग कर उन्होंने पौधों की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार किया है। उत्पादित सब्जियों को वे कोनमेरला, जलडेगा, लम्बोई और सिलिंगा सहित आसपास के बाजारों में बेचते हैं। सब्जी खेती से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 से 15 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। जीतवाहन नाग की सफलता यह साबित करती है कि यदि किसानों को सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो वे खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल सकते हैं। उनकी कहानी क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

## दृष्टिपात

### सड़क दुर्घटना मामलों के दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए



**सिमडेगा।** न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर सिमडेगा पुलिस ने सड़क दुर्घटना से जुड़े दो मामलों के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नेलशन केरकेट्टा बेन्दोजोर फुलझारटोली, मुफ्फसिल थाना और सुमित खलखो देवबहार भंडारटोली, ठेठईटांगर थाना शामिल हैं।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग सड़क दुर्घटना मामलों में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक-एक व्यक्ति की मौत होने का आरोप है। इन मामलों में न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।वारंट के अनुपालन में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि फरार और वांछित आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और सुशासन का स्वर्णिम अध्याय : रवि गुप्ता



**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला महामंत्री रवि गुप्ता ने इसे विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और गरीब कल्याण का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व कर प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय लोकतंत्र में नया इतिहास रचा है और भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है।रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने मजबूत नेतृत्व का परिचय दिया है। आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति, सीमाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से देश की सामरिक एवं आर्थिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जी-20 की सफल अध्यक्षता कर विश्व मंच पर अपनी क्षमता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

### कुरडेग में कुएं में डूबने से वृद्धा की मौत

**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र के हिनगीर नवाटोली गांव में कुएं में डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 71 वर्षीय उर्सेला तिर्की, पति स्वर्गीय रिमोन तिर्की, निवासी हिनगीर नवाटोली के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब पांच बजे उर्सेला तिर्की अपने बगान स्थित कुएं के पास अकेली बैठी थीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे कुएं में गिर गईं, जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। बगान में उस समय कोई मौजूद नहीं था, इसलिए घटना की जानकारी किसी को नहीं हो सकी।शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान कुएं के पास उनकी चप्पल मिली, जिससे परिजनों को कुएं में गिरने की आशंका हुई। शुक्रवार सुबह कुएं में उनका शव दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रायकेरा ओहदार टोली में 6 माह बाद बदला गया खराब ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी


**बानो।** प्रखंड के रायकेरा पंचायत अंतर्गत ओहदार टोली में पिछले छह माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे थे।तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि सह विद्युत विभाग समन्वयक तनवीर हुसैन ने विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र में जल्द ही नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल होगी।ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक सुदीप गुड़िया और तनवीर हुसैन के प्रति आभार जताया। तनवीर हुसैन ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है तथा खराब ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर उन्हें शीघ्र बदलने की प्रक्रिया जारी है, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली सुविधा मिल सके।

### कोलेबिरा-बानो मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, दो रोजगार सेवक घायल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा-मनोहरपुर मुख्य मार्ग पर जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में बानो प्रखंड में कार्यरत दो रोजगार सेवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान दिव्य प्रकाश और अमित सिंह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से बानो से सिमडेगा जा रहे थे। इसी दौरान बिजली लाइन पार कराने के लिए सड़क पर खोदे गए गड्ढे की चपेट में आने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना की सूचना पर कोलेबिरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दिव्य प्रकाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया।स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब स्थिति और खुले गड्ढों को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए प्रशासन से शीघ्र मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि लापरवाही जारी रही तो आगे भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

### बाघचट्टा बाजार में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान, ग्रामीणों ने ली शपथ



**कुरडेग।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध आदिकला मंच कोलेबिरा के कलाकारों ने दल नेता बनफूल नायक के नेतृत्व में बाघचट्टा साप्ताहिक बाजार में निषिद्ध मादक पदार्थों के उत्पादन, सेवन और कारोबार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया।कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अफीम, गांजा, भांग, ब्राउन शुगर और कोकीन जैसे मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधों में दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और लंबी सजा का प्रावधान है।कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, वज्रपात से बचाव तथा सर्पदंश से सुरक्षा के उपायों की भी जानकारी दी गई। सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ शपथ ली।

# एनएच-33 पर अवैध कट ने ली अब तक कई लोगों की जान

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के पटेल चौक, कांकेबार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर एक अवैध कट ने कई लोगों की मौत की वजह बन चुका है। शुक्रवार को इसी अवैध कट से सड़क पार कर रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान कांकेबार निवासी बसंत रविदास (21) के रूप में हुई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बसंत रविदास एनएच पर बने अवैध कट से होकर ही सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से हजारीबाग की तरफ जा रहे एक ट्रक एमएच 45 एएक्स 5050 ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में युवक के कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह पीस गया है।

हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ जमकर बवाल किया। बताया गया कि पटेल चौक से आगे बढ़ते ही कांकेबार के पास डिवाइडर को गलत तरीके से कुछ ग्रामीणों ने तोड़कर एक कट बना दिया है।

इस रास्ते से 24 घंटे बाइक और पैदल चलने वाले लोग गुजरते हैं। रास्ते पर तेज गति से चलने वाली गाड़ियों का वहां कंट्रोल नहीं रहता और एक छोटी सी गलती मौत का सबब बन जाती है।

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि पिछले दो महीने में कई लोगों की जान इस स्थान पर चली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांकेबार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलत तरीके से बनाया गया यह कट बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। रास्ते पर गाड़ियां काफी तेज गति से चलती हैं और जिस जगह पर कुछ ग्रामीणों ने छोटी सी सुविधा के लिए डिवाइडर को काटा है वह जगह उन्हीं लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। फिलहाल ग्रामीणों की सुरक्षा और राहगीरों की सुरक्षा के लिए उस स्थान पर मिट्टी और छाई गिराई गई है। ताकि उस अवैध कट से कोई भी व्यक्ति गुजर ना सके। उसे पूरी तरीके से बंद करने के लिए वरीय अधिकारियों को भी सूचित किया गया है।

### हरिनाम संकीर्तन से गूंजा विद्यापति नगर लोहरा बस्ती, श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक आनंद

## हरि के गुणगान में है असीम आनंद व ऊर्जा : काले

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** बारीडीह स्थित विद्यापति नगर लोहरा बस्ती में श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित भव्य हरिनाम संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति एवं आध्यात्मिकता का अनुपम अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले भी उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान श्री राधा-कृष्ण के श्रीचरणों में नमन करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। संकीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा तथा श्रद्धालु हरिनाम के संकीर्तन में भाव-विभोर होकर शामिल हुए।

अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारियों, आयोजकों एवं श्रद्धालुओं को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की कामना की।

## जुमरा गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, बिजली व्यवस्था होगी मजबूत

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** भाजपा भदानीनगर मंडल अंतर्गत पंचायत सांकी के ग्राम जुमरा में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के विशेष प्रयास से उपलब्ध कराए गए 100 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। नए ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से गांव की विद्युत व्यवस्था मजबूत होगी तथा ग्रामीणों को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव में बेहतर विद्युत व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं में काफी हद तक सुधार होगा।

इस अवसर पर भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष शौर्य प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए पार्टी की ओर से आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

### खूंटी जिला के 12 शिक्षक बने योग के मास्टर ट्रेनर

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगमय झारखंड अंतर्गत जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष के योग दिवस का थीम है स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग जिसमें खूंटी जिला के सभी छह प्रखंडों के शारीरिक शिक्षक भाग लिए। इनमें अमृता कुमारी मेहता, जोलन टोपनो , सावित्री कुमारी, संजय मुंडा ,शशि भूषण कुंडलना ,ग्लैडसन गुड़िया , श्वेता सिंह, अनिल प्रकाश सोए,रीमा अनीता आइंड, मुकेश कुमार एवं स्टेला टोपनो शामिल थे।

### प्रख्यात कवि अजीम अंसारी का निधन

**भुरकुंडा ।** जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी एवं सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी तथा प्रख्यात कवि अजीम अंसारी का गुरुवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और अपने पैतृक गांव उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मेहनाजपुर में रह रहे थे। परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही भुरकुंडा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर को भुरकुंडा स्थित उनके आवास लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को भुरकुंडा कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अपनी कविताओं और रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।

## राज नर्सिंग होम में निशुल्क बन रहा है आभा कार्ड, लाभ उठाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा ।** लोगों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज नर्सिंग होम एवं शिवम मेडिकल हॉल, भुरकुंडा में सभी आयु वर्ग के लोगों का निशुल्क आभा कार्ड बनाया जा रहा है। इस संबंध में राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर एमजेएफ लायन डॉ. राजेंद्र महतो ने बताया कि आभा कार्ड प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहचान पत्र है, जो आपातकालीन स्थिति में इलाज की प्रक्रिया को आसान बनाता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक खराब हो जाए या सड़क दुर्घटना जैसी आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए, तो सरकारी अथवा निजी अस्पतालों में आभा नंबर की आवश्यकता पड़ सकती है।

आभा नंबर होने पर मरीज का स्वास्थ्य रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध हो जाता है और अस्पताल में भर्ती एवं उपचार की प्रक्रिया तेज हो जाती है। वहीं आभा नंबर नहीं होने पर आवश्यक औपचारिकताओं में समय लग सकता है, जिससे इलाज में देरी होने की संभावना रहती है। डॉ. महतो ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि परिवार के सभी सदस्यों, चाहे वे बच्चे हों, युवा हों या बुजुर्ग, सभी का आभा कार्ड अवश्य बनवाएं। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है। आभा कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। इच्छुक लोग राज नर्सिंग होम एवं शिवम मेडिकल हॉल पहुंचकर अपना आभा कार्ड बनवा सकते हैं।

### पुलिस प्रशासन ने दो बच्चों को बाल मजदूरी से कराया मुक्त, कहा

## बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत संस्था अग्रगति ने पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से रामगढ़ जिले में दो बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। यह कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा जून माह को बाल श्रम विरोधी 'एक्शन मंथ' के रूप में मनाने संबंधी निर्देशों के तहत संचालित अभियान का हिस्सा थी। अग्रगति द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत बाल मजदूरी की शिकायत वाले क्षेत्रों में जांच-पड़ताल की गई। साथ ही जिले भर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। अग्रगति, बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कार्यरत देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है।

संस्था के अनुसार मुक्त कराए गए दोनों बच्चों की उम्र 12 से 13 वर्ष के बीच है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बच्चों से कई वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में लंबे समय से अमानवीय एवं शोषणकारी परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था। उन्हें बेहद कम मजदूरी पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक परिस्थितियों में दिन-रात कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा था, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। बच्चों को मुक्त कराने के बाद संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

साथ ही पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मुआवजा और अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने कहा कि शोषण और बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे के शिक्षा, सुरक्षा और गरिमा के अधिकार की पुनर्स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से वंचित कर देता है, इसलिए इस समस्या के खिलाफ समाज और प्रशासन को मिलकर लगातार कार्रवाई करनी होगी।

उन्होंने कहा कि बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं, बल्कि स्कूलों में है। उन्होंने यह भी कहा कि बाल तस्करी और बाल मजदूरी एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इसलिए संस्था भविष्य में भी जिला प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर बच्चों की तस्करी रोकने, उन्हें मुक्त कराने और पुनर्वास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करती रहेगी। गौरतलब है कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के देशभर में फैले सहयोगी संगठन ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के मामलों की निगरानी करते हैं तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

National Career Service

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला।**
**रोजगार मेला– 16 जून 2026**
**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–16.06.2026 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान :– नगर भवन गुमला परिसर में।

| Sl N0 | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age ( Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | NATIONAL PUBLIC SCHOOL, SISAI, GUMLA. | TGT/ PGT COMMERCE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | ACCOUNTS (HONORS) | 2 YEARS | MIN 20 YEARS To MAX 35 YEARS | 18,500/- to 20,000/- Per Month. | Sisai, Gumla |
| | | PGT/TGT SCIENCE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | PHYSICS | 2 YEARS | | 18,500/- to 20,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT SCIENCE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | CHEMISTRY | 2 YEARS | | 18,500/- to 20,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT SCIENCE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | MATHS | 2 YEARS | | 18,500/- to 20,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT SCIENCE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | BIOLOGY | 2 YEARS | | 18,500/- to 20,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT LANGUAGE (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | HINDI AND ENGLISH | 2 YEARS | | 14,500/- to 16,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | GEOGRAPHY | 2 YEARS | | 15,500/- to 17,000/- Per Month. | |
| | | PGT/TGT (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | POLITICAL SCIENCE | 2 YEARS | | 15,500/- to 17,000/- Per Month. | |
| 2 | INDUSIND NIPPON LIFE INSURANCE CO LTD | AGENCY RECRUITMENT & DEVELOPMENT MANAGER, SALES MANAGER (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 10 | GRADUATE & ABOVE | MIN 1 YEARS ANY INSURANCE INDUSTRY | 25 to 45 YEARS | 20,000/- to 40,000/- Per Month. | Gumla. |
| | | CHANNEL DEVELOPMENT ASSOCIATE (CDA) (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 20 | INTER & ABOVE | TEAM HANDLING AND NETWORKING | 25 to 60 YEARS | VARIABLE PAY Per Month. | |
| | | EXECUTIVE INSURANCE MANAGER (EIM) (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 20 | INTER & ABOVE | EXPERIENCE IN SALES | 25 to 60 YEARS | Commission Plus Incentive And Club Membership | |
| | | INSURANCE MANAGER (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 20 | MATRIC AND ABOVE | EXPERIENCE IN SALES | 25 to 50 YEARS | Commission Plus Incentive And Club Membership | |
| 3 | SCIENCE CENTRE GUMLA. | PHYSICS TEACHER FOR CLASS 11TH , 12TH (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | M.SC / B.SC | NIL. | 21 to 30 YEARS. | 10,000/- to 15,000/- Per Month. | Gumla. |
| | | CHEMISTRY TEACHER OF CLASS 11TH , 12TH (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | M.SC / B.SC | NIL. | 21 to 30 YEARS. | 10,000/- to 15,000/- Per Month. | |
| | | MATHS TEACHER OF CLASS 11TH , 12TH (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | M.SC / B.SC | NIL. | 21 to 30 YEARS. | 10,000/- to 15,000/- Per Month. | |
| | | BIOLOGY TEACHER OF CLASS 11TH , 12TH (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | M.SC / B.SC | NIL. | 21 to 30 YEARS. | 10,000/- to 15,000/- Per Month.. | |
| 4 | IDFC FIRST BHARAT | RELATIONSHIP MANAGER GROUP LOAN (GRM) (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 20 | 12TH PASS | NIL. | 20 to 30 YEARS. | 14,000/- to 19,000/- Per Month.. | Gumla, Ranchi, Latehar |
| | | RELATIONSHIP MANAGER INDIVIDUAL LOAN (MEL) (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 20 | 12TH PASS | NIL. | 20 to 32 YEARS. | 14,000/- to 19,000/- Per Month.. | |
| | | GROUP COLLECTION MANAGER (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 15 | 12TH PASS | 06 MONTHS EXPERIENCE IN COLLECTION DEPARTMENT. | 20 to 32 YEARS. | 14,000/- to 19,000/- Per Month. | |
| 5 | GUMLA PRIVATE ITI | MECHANIC DIESEL (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 01 | DEGREE MECHANIC DIESEL FROM AICTE/ UGC ENGINEERING COLLEGE/ UNIVERSITY | CITS 1YEAR TEACHING WORK EXPERIENCE | 21 to 45 YEARS. | 9,000/- to 15,000/- Per Month | Dumardih Gumla. |
| | | | | DIPLOMA IN MECHANIC DIESEL AICTE | CITS 2YEAR TEACHING WORK EXPERIENCE | 21 to 45 YEARS. | | |
| | | | | NTC/ NAC (ITI) PASSED IN THE TRADE OF MECHANIC DIESEL | CITS 3YEAR TEACHING/ WORK EXPERIENCE | 21 to 45 YEARS. | | |
| 6 | SAHU NURSING HOME GUMLA | CHILD SPECIALIST A.N.M/ G.N.M (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | ANM/ GNM | 1YEAR | 21 YEARS. | 7000/- Per Month. | Gumla. |
| | | MEDICAL STORE STAFF (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 02 | 12TH PASS | 1YEAR | 21 YEARS. | 7000/- Per Month. | |
| 7 | PAN IIT REACH FOR JHARKHAND FOUNDATION | BAR BENDER (ONLY FOR MALE CANDIDATES) | 50 | NON MATRIC AND ABOVE | NIL. | 18 to 32 YEARS. | 20,000/- to 24,000/- Per Month. | Hyderabad |
| | | SHUTTERING CARPENTER (ONLY FOR MALE CANDIDATES) | 50 | NON MATRIC AND ABOVE | NIL. | 18 to 32 YEARS. | 20,000/- to 24,000/- Per Month. | Hyderabad. |
| | | TILES MASON (ONLY FOR MALE CANDIDATES) | 50 | NON MATRIC AND ABOVE | NIL. | 18 to 32 YEARS. | 20,000/- to 24,000/- Per Month. | Hyderabad. |
| | | SWING MACHINE OPERATOR (ONLY FOR FEMALE CANDIDATES) | 50 | NON MATRIC AND ABOVE | Nil. | 18 to 28 YEARS. | 13,000/- to 15,000/- Per Month. | Bangalore |
| | | WIRE HARNESS (ONLY FOR FEMALE CANDIDATES) | 50 | MATRIC PASS. | Nil. | 18 to28 YEARS. | 18,000/- to 20,000/- Per Month. | Noida, Delhi. |
| 8 | VISION INDIA SERVICES PVT. LTD | PRODUCTION ASSOCIATE FOR SCHNEIDER ELECTRIC INDIA PVT. LTD COMPANY. | 100 | 12TH , ITI, DIPLOMA PASS | Nil. | 18 to 27 YEARS. | 23,000/- to 17,000/- Per Month. | Bangalore |
| | | ASSEMBLY LINE OPERATOR FOR ULTRAVIOLET COMPANY. | 100 | 10TH , 12TH AND GRADUATE PASS | Nil. | 18 to 27 YEARS. | 23,000/- to 18,000/- Per Month. | Bangalore |
| | | TRAINEE FOR MRF COMPANY. | 50 | 10TH , 12TH AND ITI PASS | Nil. | 18 to 26 YEARS. | 19,500/- to 17,000/- Per Month. | Goa. |
| | | TRAINEE OPERATOR FOR SUBROS COMPANY. | 50 | 10TH , 12TH AND ITI PASS | Nil. | 18 to 28 YEARS. | 15,000/- Per Month. | Noida. |
| 9 | SATIN CREDIT CARE NETWORK LTD. | TCSO ( FIELD OFFICER) | 10 | 12TH PASS | FRESHER | 19 to 30 YEARS. | 19,000/- CTC Per Month. | Gumla, Khalari, Ramgarh. |
| | | CSO (FIELD OFFICER) | 05 | 12TH PASS | 6 MONTHS to 1 YEAR | 19 to 32 YEARS. | 21,000/- CTC Per Month. | |
| | | SR. CSO ( SR. FIELD OFFICER) | 05 | 12TH PASS | 1 YEAR to 2 YEAR | 19 to 32 YEARS. | 23,000/- CTC Per Month. | |
| 10 | ANKIT ENTERPRISES , GUMLA. | SERVICE ADVISOR | 01 | 12TH / GRADUATION PASS. | 1YEAR | 21 YEARS. | 15,000/- Per Month. | Gumla. |
| | | TECHNICIAN | 01 | 10TH / 12TH PASS. | Nil | 21 YEARS. | 11,000/- to 12,000/- Per Month. | |
| 11 | SIS LIMITED. | SECURITY GUARD (ONLY FOR MALE.) | 100 | 10TH PASS | Nil. | 18 to 40 YEARS. | 15,000/- to 28,000/- Per Month. | Pan India. |
| | | SECURITY SUPERVISOR (ONLY FOR MALE.) | 20 | 12TH PASS | Nil. | 20 to 37 YEARS. | 21,000/- to 30,000/- Per Month. | |
| | | CASH IN TRANSIT/ UNIT SECURITY SOLLUTION (ONLY FOR MALE.) | 50 | 10TH PASS | Nil. | 18 to 33 YEARS. | 14,000/- to 22,000/- Per Month. | |
| | | GRADUATE TRAINEE OFFICER (ONLY FOR MALE.) | 50 | GRADUATE PASS | Nil. | 21 to 37 YEARS. | 27,000/- Per Month. | |
| | | DOG HANDLER (ONLY FOR MALE.) | 20 | 10TH PASS | Nil. | 20 TO37 YEARS. | 16,000/- to 30,000/- Per Month. | |
| 12 | BLINKIT COMPANY | PICKER/ PACKER | 100 | 8TH PASS / ABOVE PASS | Nil. | 18 to 35 YEARS. | 14,000/- to 22,000/- Per Month. | Bangalore, Hyderabad |
| | | SCANNING /BILLING | 100 | 8TH PASS / ABOVE PASS | Nil. | 18 to 35 YEARS. | 18,000/- to 22,000/- Per Month. | Mumbai, Chennai. |
| | | LOADING / UNLOADING | 100 | 8TH PASS / ABOVE PASS | Nil. | 18 to 35 YEARS. | 14,000/- to 22,000/- Per Month. | Pune. |
| | | HELPER CONSTRUCTION | 50 | 8TH PASS / ABOVE | Nil. | 18 to 35 YEARS. | 14,000/- to 22,000/- Per Month. | Ahmedabad. |
| 13 | ADITYA BIRLA CAPITAL | BUSINESS DEVELOPMENT MANAGER (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 03 | GRADUATE PASS | 2 YEARS EXPERIENCE IN SALES. | 25 to 35 YEARS. | 35,000/- Per Month. | Gumla. |
| | | FINANCIAL ADVISOR (FOR MALE AND FEMALE BOTH) | 80 | MATRIC AND ABOVE PASS. | Nil. | 18 to 60 YEARS. | Salary Plus Commission. | |
| 14 | ADECCO INDIA | OPERATOR (ONLY FOR FEMALE.) | 100 | 10TH /12TH/ ITI / DIPLOMA PASS | Nil. | 18 to 28 YEARS. | 18,707/- CTC PER MONTH, Fooding and Lodging will be Provided by Company Free of cost. | Bangalore. |
| | | TECHNICAL ASSOCIATE (ONLY FOR MALE.) | 100 | 12TH/ ITI / DIPLOMA PASS (MALE ONLY) | Nil. | 18 to 32 YEARS. | 19,400/- CTC Per Month. | Verna, Goa. |
| 15 | FRIENDS MOTORRAD BULLET SHOWROOM GUMLA | SERVICE CONSULTANT | 02 | GRADUATION PASS. | 1YEAR | 21 to 40 YEARS | 8,000/- to 15,000/- Per Month. | Gumla, Lohardaga, Simdega |
| | | FLOOR SUPERVISOR | 01 | GRADUATION PASS. | 1YEAR | 21 to 40 YEARS. | 8,000/- to 15,000/- Per Month. | |
| | | TECHNICIAN | 02 | 12TH PASS. | 2YEAR | 21 to 35 YEARS | 8,000/- to 15,000/- Per Month. | |
| | | CRE | 01 | GRADUATION PASS. | 1YEAR | 21 to 30 YEARS | 8,500/- to 14,000/- Per Month. | |
| 16 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH. | LIC BIMA SAKHI (ONLY FOR FEMALE) | 25 | 10TH PASS. | NIL. | 18 to 60 YEARS | 7,000/- Stipend, Per Month. | Gumla. |
| 17 | PREMSONS BAJAJ GUMLA | BRANCH MANAGER (ONLY FOR MALE.) | 01 | GRADUATION PASS | MIN 3 YEARS EXPERIENCE IN AUTOMOBILE | 25 to 30 YEARS | 30,000/- Per Month. | Gumla. |
| | | SALES EXECUTIVE (ONLY FOR MALE.) | 10 | INTER PASS | NIL. | 22 to 35 YEARS | 15,000/- Per Month. | |
| | | WORKSHOP SUPERVISOR (ONLY FOR MALE.) | 02 | INTER PASS | NIL. | 25 to 35 YEARS | 15,000/- Per Month. | |
| | | WORKSHOP MECHANIC (ONLY FOR MALE.) | 02 | NON MATRIC | AUTOMOBILE REPAIRING EXPERIENCE | 25 to 35 YEARS | 15,000/- Per Month. | |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक / नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Aadhar Card, Pan Card, Educational Mark sheet and Residential, Caste Certificate** (यदि हो तो) उसकी एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ रोजगार मेला में उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है, चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

**जिला नियोजन पदाधिकारी,**
**जिला नियोजनालय, गुमला।**

PR 382255 Labour Employment and Traning(26-27)D

विचार प्रवाह

भलाई करने में कभी-कभी हमें पीड़ा सहनी ही होगी। ईश्वर को पाने हेतु हमें कष्ट सहने के लिए तैयार होना ही चाहिए। ब्रह्म की अनंत शांति प्राप्त करने के लिए शरीर का कष्ट या मन का संयम सहन करना है ही क्या? क्राइस्ट का आनंद इतना अधिक था कि वे प्रभु के लिए अपना शरीर त्यागने को तैयार थे। जीवन का उद्देश्य ही उस परम आनंद को प्राप्त करना है - ईश्वर को प्राप्त करना है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# जब तोप मुकाबिल हो तो मोबाइल निकालो

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पेपर कटिंग के बजाय वायरल वीडियो पर सरकार कार्रवाई कर रही है और नेताओं तक को सफाई देनी पड़ रही है। आप किसी संकट में हों या कोई ऐसा काम जो भ्रष्टाचार या लापरवाही से जुड़ा हो स्मार्टफोन निकालिए रिकॉर्ड करिए या लाइव करिए। सबसे तेज सप्रमाण सूचना का माध्यम मोबाइल अब अनपढ़ों तक भी समाचार बनकर पहुंच रहा है जैसा कभी रेडियो हुआ करता था। लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ बनते सोशल मीडिया की ताकत बढ़ती जा रही है। मंत्री से लेकर सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार या गलत आचरण से लेकर घरेलू हिंसा तक और वैश्विक स्तर पर घृणा या किसी भी प्रकार की ज्यादती की सूचनाएं आज सबसे ज्यादा और सबसे तेज मोबाइल फोन के माध्यम से पूरी दुनिया में फैल रही हैं। पहले अखबार के जमाने में समाचारों को परखा जाता था कई स्तर पर उसकी जांच होती थी और लगभग 8 से 12 घंटे के बाद छनी हुई प्रसंस्कृत सूचनाएं आम जनता के पास जाती थीं। इसमें कई बार आरोप लगते थे कि बड़े लोगों के खिलाफ या सरकारों के खिलाफ समाचार प्रमुखता से नहीं दिए जाते या कई बार दबा दिए जाते थे पर आज के दिन मुहल्ले की मारपीट से लेकर मॉब लिंचिंग से लेकर रिश्वत लेने का वीडियो कुछ सेकेंडों में पूरी दुनिया में वायरल होकर यह साबित कर रही है कि समय कितना बदल गया या कितना अनियंत्रित हो गया है। कई बार बड़बोले मंत्रियों और दबंग किस्म के नेताओं के बयान सबसे पहले सोशल मीडिया पर वायरल होकर पूरी दुनिया में फैल रहे हैं। कभी-कभी इनमें गलत सूचनाओं भी रहती हैं और डीप फेक के जमाने में भ्रामक और गलत सूचनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता पर इसका दूसरा पक्ष है कि बड़े-बड़े नेताओं को माफी मांगनी पड़ जाती है या पुलिस तक इन घटनाओं पर तेजी से कार्रवाई करती है जिनके अधिकारी आजकल सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहे हैं। आज स्मार्टफोन के जमाने में इस क्रांति को रोकना तो संभव नहीं है पर लोकतंत्र के इस पांचवें स्तंभ को प्रशिक्षित या नियंत्रित करने का प्रयास किया जा सकता है इन्हें जिम्मेदार बनाया जा सकता है। सिर्फ झूठ फैलाते हैं ऐसा कहना अनुचित होगा क्योंकि सबसे सस्ते और बहुत ही प्रभावशाली बन चुके यूट्यूब, इंस्टा, फेसबुक एक्स जैसे माध्यम एक बाढ़ की तरह है जो तीव्र गति से पहले से स्थापित सभी रोक या बांधों को तोड़कर सूचनाओं को तेज गति से सभी तक सूचनाएं पहुंचा रहे हैं।भारत में सोशल मीडिया पत्रकारिता 2026 में एक निर्णायक मोड़ पर है। वर्तमान में देश में इंटरनेट की पैठ लगभग 55.3% है और जनवरी 2025 तक भारत में 49.1 करोड़ सक्रिय सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे। भारत में सोशल मीडिया पत्रकारिता में वीडियो की प्रधानता से यह दुनिया का सबसे बड़ा वीडियो-केंद्रित समाचार बाजार बन गया है। लगभग 55% भारतीय समाचारों के लिए यूट्यूब का उपयोग करते हैं। इंस्टाग्राम रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसे शॉर्ट-फॉर्म वीडियो समाचारों के लिए प्राथमिक स्रोत बन गए हैं।इन्फ्लुएंसर और एआई का प्रभाव ऐसा है कि अब पारंपरिक समाचार एंकरों के बजाय व्यक्तिगत डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स और एआई-संचालित समाचार माध्यमों पर निर्भरता बढ़ी है। अनपढ़ या कम पढ़े लिखे लोगों के बीच समाचार जानने की सुविधा के कारण रेडियो की तरह स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में समाचारों की मांग तेजी से बढ़ी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना का लोकतंत्रीकरण हुआ है। हाइपरलोकल पत्रकारिता से सोशल मीडिया ने नागरिक पत्रकारों को सशक्त बनाया है, जो अपने स्थानीय मुद्दों को सीधे साझा करते हैं। अब समाचार एकतरफा संचार नहीं रहे। दर्शक टिप्पणियों, पोल और सीधे संदेशों के माध्यम से पत्रकारों के साथ संवाद करते हैं। हालांकि व्हाट्सएप जैसे क्लोज्ड नेटवर्क पर फर्जी खबरों और डीपफेक तकनीक के कारण समाज में तनाव और हिंसा की घटनाएं एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। ब्रेकिंग न्यूज़ की दौड़ में अक्सर समाचारों के सत्यापन की अनदेखी की जाती है।'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2025' में भारत 180 देशों में 151वें स्थान पर है, जो पत्रकारों के लिए दुरूह वातावरण को दर्शाता है। अगस्त 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को सोशल मीडिया कंटेंट और इन्फ्लुएंसर्स को विनियमित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश बनाने का निर्देश दिया है। सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 अधिसूचित किए हैं, जो डिजिटल प्लेटफार्मों की जवाबदेही तय करते हैं और उल्लंघन पर 250 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है। आज की सोशल मीडिया पत्रकारिता ने सूचना के प्रसार को तेज और सुलभ बना दिया है, लेकिन इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना एक निरंतर चुनौती है। जो भी हो अगर सच है वीडियो सबूत है तो मोबाइल लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ बन रहा है।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

आज की बात



सीपी राधाकृष्णन
उपराष्ट्रपति

> यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है। परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए मोदी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं। साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में



उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भीः तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। "विकास भी, विरासत भी" की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है। उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी के नजरिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। इस सोच का सबसे ज्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है। पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है। इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने "एक मानवता" के नेक विचार को अपनाया था। "वसुधैव कुटुंबकम" की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है। 'काशी-तमिल संगमम' और 'सौराष्ट्र-तमिल संगमम' जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को 'युग पुरुष' के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे 'युग पुरुष' के रूप में उभरे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को 'विकसित भारत @ 2047' की ओर ले जाएगा।

# इग्नू से क्लाइमेट चेंज में एमएससी करना आसान विकल्प

अलग बात



अरविंद मनोज कुमार सिंह

इग्नू भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी बनी जिसने भविष्य के क्लाइमेट लीडर्स को तैयार करने के लिए एमएससी (क्लाइमेट चेंज) प्रोग्राम शुरू किया। इग्नू ने मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम शुरू करके भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी बनने का एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। यह हमारे समय की सबसे जरूरी ग्लोबल चुनौतियों में से एक से निपटने की दिशा में एक अहम कदम है। क्लाइमेट चेंज दुनिया भर में इकोसिस्टम, अर्थव्यवस्थाओं और इंसानी भलाई पर तेजी से असर डाल रहा है। सस्टेनेबल और मजबूत समाधान विकसित करने में सक्षम ट्रेंड प्रोफेशनल्स की तत्काल जरूरत को समझते हुए, इग्नू ने यह नया मल्टी-डिसिप्लिनरी प्रोग्राम डिजाइन किया है। इसका मकसद सीखने वालों को क्लाइमेट साइंस, क्लाइमेट रिस्क, अनुकूलन और शमन रणनीतियों, पर्यावरण गवर्नेंस और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की पूरी समझ देना है। यह प्रोग्राम क्लाइमेट चेंज और जल संसाधन, ऊर्जा प्रणालियां, कृषि, आपदा जोखिम में कमी, जैव विविधता, कचरा प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी, स्वास्थ्य, इकोसिस्टम बहाली, पर्यावरण



कानून, गवर्नेंस और क्लाइमेट असेसमेंट टूल्स जैसे अहम विषयों पर जानकारी देता है। यह सीखने वालों को असल दुनिया की क्लाइमेट चुनौतियों से निपटने और राष्ट्रीय व ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों में योगदान करने के लिए जरूरी ज्ञान और कौशल से लैस करता है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए किसी भी विषय में ग्रेजुएशन जरूरी है। दो साल के इस प्रोग्राम में 80 क्रेडिट हैं और यह सीखने वालों को लचीलापन देता है। जो छात्र सफलतापूर्वक पहला साल पूरा कर लेते हैं, वे क्लाइमेट चेंज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीसीसीसी) लेने का विकल्प भी चुन सकते हैं। इग्नू अलग-अलग एकेडमिक बैकग्राउंड वाले ग्रेजुएट्स, प्रोफेशनल्स, पॉलिसी बनाने वालों, शिक्षकों और पर्यावरण के प्रति उत्साही लोगों को इस भविष्य-उन्मुख प्रोग्राम में शामिल होने और क्लाइमेट-रेजिलिएंट समाज बनाने में योगदान करने के लिए आमंत्रित करता है। यह अनोखा प्रोग्राम क्लाइमेट शिक्षा को आगे बढ़ाने और विज्ञान-आधारित, सस्टेनेबल समाधानों के जरिए क्लाइमेट से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में सक्षम प्रोफेशनल्स की नई पीढ़ी तैयार करने के प्रति इग्नू की प्रतिबद्धता को दिखाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


## आपकी बात

### "फ्लेवर"




केदारनाथ दास

कार्यालय से बाहर निकलते ही एक सहकर्मी अचानक से बेहोश होकर गिर पड़ती है। यह देखकर साथ में चल रहे सभी लोगों के बीच अफरा-तफरी सी मच जाती है। आनन फानन में किसी ने यह सलाह दी कि कहीं से ग्लूकोज की व्यवस्था की जाए ताकि फौरी तौर पर कुछ समाधान निकाला जा सके और अब सबसे फुर्तीले, समझदार और चुस्त दुरुस्त रवि को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी लोग बेहोश पड़ी मैडम के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था पर चर्चा के साथ ग्लुकोज का इंतजार कर ही रहे थे कि रवि उनका फोन आ गया, "यहाँ ऑरेंज, नींबू और मिक्स फ्रूट के फ्लेवर उपलब्ध हैं। मैडम को कौन-सा पसंद है?" कुछ पल के लिए तो मानों सन्नाटा छा गया। तभी उन में से किसी के बुदबुदाने की आवाज आई, हर बात पर "मोदी है तो मुमकिन है" का सूत्र कारगर नहीं होता। "देश की कई समस्याएँ इसलिए नहीं उलझतीं कि समाधान नहीं है। समाधान तो मुमकिन वाले दरवाजे के बाहर भी है लेकिन उन समझदार लोगों का क्या जिनके लिए आपातकाल भी फ्लेवर का अवसर लेकर सामने आया करता है?"




राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

### मानसिक शांति और विश्राम



स्वामी चिन्मयानंद

दुःख और विनाश उत्पन्न करने वाली इस सेना का सामना करने में वैज्ञानिक युग लाने वाले महापुरुष और भौतिक समृद्धि की महिमा गाने वाले अन्य लोग भी समर्थ नहीं है। उनमें से किसी के पास ऐसा कोई साधन नहीं है जिससे वे अपनी रक्षा कर सकें। मानवी, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के पर्वत के नीचे दबा समाज मूक वेदना में कराह रहा है। वह रोता, आंसू बहाता, हाथ फैलाये निराश पड़ा है। क्या यही हमारी प्रगति हैं। यह सही है कि मानसिक शान्ति और विश्राम के क्षणों में व्यक्ति की बुद्धि उच्च ज्ञान की सूक्ष्म तरंगें ग्रहण कर व्यवस्थित प्रकृति के कुछ नियमों की झलक पा सकता है, किन्तु यह बात भी अपने स्थान पर सत्य है कि मनुष्य की बुद्धि सीमित है। मानवी अहंकार के कारण अथवा बुद्धि के प्रयोग की सीमा पर ध्यान न देने के कारण उसकी सीमा स्वीकार नहीं की जाती तो उसके कारण त्रुटियाँ, दुःख और पीड़ायें उत्पन्न होती हैं जिनसे अन्यथा बचा जा सकता था। यदि हम यह स्वीकार करते हैं कि चौड़ी सड़कों पर मजे से दौड़ने वाली कार पानी के ऊपर चलकर नदी पार नहीं कर सकती तो इसका अर्थ यह नहीं कि हम उस सवारी की निन्दा या अपमान कर रहे हैं, वरन हम बुद्धिपूर्वक उसकी सीमाओं को समझ रहे हैं। मानवी बुद्धि में यह अद्भुत शक्ति है कि वह अपने बाहर की वस्तुओं से सम्पर्क कर उनका आकलन और मूल्यांकन करते हुए उन्हें व्यवस्थित रूप दे सके। किन्तु इसी बुद्धि में अपने अंदर अपनी अपूर्णतायें और अक्षमतायें भी हैं। हमारे व्यक्तिगत जीवन में जब हमें चुनौती देने वली समस्यायें आती हैं, तब उनका हल खोजते समय यदि हमारी बुद्धि में विक्षेप उत्पन्न हुआ तो वह बिखर जाती है।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## आज का दोहा

यों दिखने को दिख रहे, खिलते हुए गुलाब।
लक्षण घिरते मेघ से, फिर लगते हैं सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**


## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# भारतीय खेल की गौरवशाली विरासत है मल्लखंभ

देश की बात



कुमार कृष्णन

विश्व मल्लखंब दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। यह दिन भारत के प्राचीन पारंपरिक खेल, मल्लखंभ को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। मल्लखंभ भारत की प्राचीनतम और सबसे कठिन शारीरिक कलाओं में से एक है। भारत के सबसे प्राचीन पारंपरिक खेलों में से मल्लखंभ ताकत, लचीलापन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का अनोखा संगम है। इस कला में खिलाड़ी हवा में योग और जिम्नास्टिक के करतब एक ऊर्ध्वाधर खंभे या लटकी हुई रस्सी पर दिखाते हैं। यह योग के विभिन्न आसनों का ही एक उन्नत और अधिक चुनौतीपूर्ण रूप है। मल्लखंभ में भी खंभे या रस्सी पर टिके रहने के लिए चरम स्तर की एकाग्रता, सांसों पर नियंत्रण और जागरूकता की आवश्यकता होती है, जो कि योग और मानसिक अनुशासन का ही हिस्सा है। जिस प्रकार योग में प्राणायाम और सांस पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। मल्लखंभ में भी मुश्किल करतब करते समय सांस पर नियंत्रण बनाए रखना अनिवार्य होता है, ताकि शरीर का संतुलन बना रहे। विडंबना यह है कि अपनी शानदार विरासत और विदेशी मंचों पर मिली प्रशंसा के बावजूद, इसे अपने ही देश में लंबे समय तक घोर उपेक्षा का सामना करना पड़ा है।जबकि भारत में इसे वह मुकाम नहीं मिला, विदेशों में इसे भारी सम्मान मिल रहा है। जर्मनी, अमेरिका, जापान, और चेक गणराज्य सहित दुनिया के 26 से अधिक देशों में मल्लखंभ खेला जा रहा है। यहाँ तक कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे पहचान दिलाने के लिए 'मल्लखंभ वर्ल्ड चैंपियनशिप' भी आयोजित की जा चुकी है। भारत में मल्लखंभ एक जमाने से खेला जाता रहा है लेकिन वक्त के साथ-साथ चीजें तेजी से बदल रही हैं। मल्लखंभ के बारे में प्राचीन भारतीय ग्रंथ रामायण में वर्णन है। पहला प्रत्यक्ष वर्णन बारहवीं शताब्दी की शुरूआत में मानसोलस नामक पाठ में है। इसे चालुक्य राजा सोमेश्वर तृतीय द्वारा लिखा गया। भारत के बौद्ध चीनी तीर्थ यात्रियों के किताबों में भी इसका उल्लेख है। इसके अतिरिक्त चंद्रकेतुगढ़ के मिट्टी के वर्तनों में पाए गए हैं, जो एक शताब्दी ईसा पूर्व के हैं। 12वीं सदी में भारत में मल्लखंभ की शुरुआत हुई थी। 1600 के दशक के अंत से लेकर 1800 दशक के शुरूआत तक गतिविधि निष्क्रिय रही। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने इसे लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई।दादा बालमधर देवधर मल्लखंभ के आद्य गुरु माने जाते हैं। वे बाजीराव पेशवा के दरबार में एक जाने-माने कुश्तीगीर और कसरतपटू थे। दादा बालमधर देवधर,पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अपनी पेशवा सेना को प्रशिक्षित करने में कला को पुनर्जीवित किया। बालमभट्ट दादा देवधर को 19वीं सदी में इसके पुनरुद्धार और इसे एक लोकप्रिय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के रूप में स्थापित करने का श्रेय जाता है। किंवदंती है कि उन्हें यह विद्या भगवान हनुमान से मिली, जब उन्होंने जंगलों में बंदरों के फुर्तीले और लचीले करतबों को देखकर अभ्यास किया। बालमभट्ट ने इसी खंभे पर अभ्यास करके हैदराबाद के निजाम के दिग्गज पहलवानों (गुलाम और अली) को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी।मराठा साम्राज्य की एक प्रमुख योद्धा झाँसी की रानी, ने अपने बचपन में नाना साहब और तात्या टोपे के साथ मिलकर बालम्भट्टा से मल्लखंभ की शिक्षा ली। मुख्य रूप से तीन प्रकार के मल्लखंभ खेले जाते हैं-पहला पोल मल्लखंभ है ,जो पारंपरिक रूप है, जिसमें जमीन पर गड़े 2.6 मीटर ऊंचे लकड़ी के खंभे का इस्तेमाल होता है। दूसरा रोप मल्लखंभ, इसमें खिलाड़ी एक लटकी हुई रस्सी के सहारे शारीरिक संतुलन और कलाबाजियां दिखाते हैं और तीसरा हैंगिंग यानी झुलता मल्लखंभ जमीन से थोड़ा ऊपर लटका हुआ खंभा, जो चारों तरफ घूम सकता है। भारत के इस प्राचीन खेल मल्लखंभ ने पहली बार बर्लिन 1936 के ओलंपिक के दौरान पूरी दुनिया का घ्यान आकृष्ट किया। उस समय मल्लखंभ कबड्डी सहित था। कई स्वदेशी भारतीय खेलों में एक था, जिसे ओलंपिक शुरू होने से पहले बर्लिन में प्रदर्शित किया गया था। इन खेलों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदायों ने हिस्सा लिया था। तब से यह खेल पूरी दुनिया में फैल गया। साल 2019 में मुंबई में पहली बार मल्लखंब विश्व चैम्पियनशिप आयोजित की गई, जिसमें 17 राष्ट्र खेल में भाग लेने के लिए आए थे। इस आयोजन को याद करते हुए, दीपक ने कहा कि वह विदेश में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखकर खुश हैं।"विश्व चैंपियनशिप में न केवल एशियाई देशों से बल्कि यूरोपीय देशों के भी एथलीट थे। कुछ देशों ने हमें इटली और जापान सहित अच्छी प्रतिस्पर्धा दी, जो देखने में बहुत अच्छा था क्योंकि यह इंगित करता है कि खेल दुनिया भर में फैल रहा है।"मुझे बहुत गर्व की अनुभूति हुई जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात पर मल्लखंब के बारे में बात की और मल्लखंभ उपकरण के संबंध में अमरीका और जापान को भारत सरकार की सहायता की चर्चा की। उन्होंने कहा, पीएम मोदी, मल्लखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया और केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्रालय ने खेल को सार्वभौमिक मान्यता दिलाने में मदद की है। "भारत के कई इलाकों में मल्लखंभ खेल काफी लोकप्रिय है। मल्लखंभ भारत की गौरवशाली विरासत का हिस्सा है, लेकिन इसे वैश्विक स्तर पर आधिकारिक मान्यता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए अभी भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### केरलम हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, 'मेंटल हेल्थकेयर एक्ट' के तहत बच्चे की हत्या की दोषी मां हुई बरी

# मानसिक तनाव के आधार पर महिला को मिली राहत

- महिला को 2023 में सेशंस कोर्ट ने दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी
- हाईकोर्ट ने कहा कि 2021 में मुकदमा शुरू होने तक यह अधिनियम लागू हो चुका था

**एजेंसी। केरलम**

'मेंटल हेल्थकेयर एक्ट' (मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम) एक व्यक्ति को आत्महत्या की कोशिश करने पर आईपीसी के तहत सज़ा से बचाता है। इसी कानून ने एक महिला की मदद की है, जिसे 2016 में अपने 15 महीने के बच्चे का दम घोंटकर मारने के लिए दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सज़ा सुनाई गई थी, क्योंकि उस समय उसने खुद भी अपनी जान लेने की कोशिश की थी। इस कानून के प्रावधानों का हवाला देते हुए, केरल हाई कोर्ट ने उस महिला को बरी कर दिया, जिसे 2023 में सेशंस कोर्ट ने दोषी ठहराया था। कोर्ट ने कहा कि घटना के समय वह बहुत ज़्यादा मानसिक तनाव में थी और उसने आत्महत्या की कोशिश की थी। 2018 में लागू हुए इस कानून के बारे में केरल हाई कोर्ट ने पहले कहा था कि यह पिछली तारीख से लागू होगा। वर्तमान मामले में उच्च न्यायालय ने कहा कि जब 2021 में मुकदमा शुरू हुआ था तब यह अधिनियम लागू था, इसलिए सत्र न्यायालय को इसे ध्यान में रखना चाहिए था। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और के वी जयकुमार की पीठ ने कहा कि महिला ने पैरासिटामोल की काफी मात्रा में गोलियां खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, अपनी कलाई पर किसी नुकीली वस्तु से घाव किए और इन कृत्यों को अंजाम देने से पहले एक आत्महत्या नोट भी लिखा, जिससे पता चलता है कि वह गंभीर मानसिक तनाव में थी।

### हाईकोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलीलें खारिज कीं

8 जून के अपने फ़ैसले में कहा कि इन हालात में, हमारी यह राय है कि मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 की धारा 115 (आत्महत्या की कोशिश के मामले में गंभीर तनाव की धारणा) के प्रावधान इस मामले के तथ्यों पर पूरी तरह लागू होंगे। अपीलकर्ता (आरोपी) को मानसिक तनाव में माना जाएगा और उसे आईपीसी के तहत किसी भी अपराध के लिए सज़ा नहीं दी जा सकती थी। अभियोजन पक्ष का तर्क था कि चूंकि आरोपी को आईपीसी की धारा 309 के तहत अपराध से बरी कर दिया गया था, इसलिए मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 की धारा 115 के तहत मानी जाने वाली कानूनी धारणा इस मामले के तथ्यों पर लागू नहीं होगी। हाई कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया और कहा कि ट्रायल कोर्ट के सामने बहस के दौरान, अभियोजन पक्ष ने खुद ही आईपीसी की धारा 309 के तहत लगे आरोप पर गंभीरता से जोर नहीं दिया था।




### भारत ने ब्रिक्स देशों से छोटे किसानों को सशक्त बनाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह

# ब्रिक्स मंच पर कृषि सहयोग व छोटे किसानों को बढ़ाने की भारत की अपील

- जलवायु परिवर्तन और बढ़ती कृषि लागत को बड़ी चुनौती बताया
- टिकाऊ, सुरक्षित और समावेशी कृषि भविष्य के निर्माण पर बल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने शुक्रवार को ब्रिक्स देशों से अधिक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी सदस्य देश मिलकर छोटे किसानों को सशक्त बनाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुनिया भर में टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देशों के सामूहिक प्रयास वैश्विक कृषि को नई दिशा दे सकते हैं और अधिक सुरक्षित, टिकाऊ तथा समावेशी कृषि भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने भारत की कृषि उपलब्धियों, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय कृषि साझेदारियों को मजबूत करने पर भारत के फोकस को उजागर किया और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना पर जोर दिया, जो पूरी दुनिया को एक परिवार मानती है। मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन दुनिया भर के छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों पर सामूहिक रूप से विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, कृषि लागत में वृद्धि और कृषि बाजारों में अनिश्चितता जैसी चुनौतियां किसानों को प्रभावित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि छोटे किसानों का कल्याण और सशक्तिकरण वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और टिकाऊ कृषि विकास सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है।

चौहान ने कहा कि यदि छोटे और सीमांत किसान आर्थिक रूप से मजबूत और तकनीकी रूप से सक्षम बनते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था भी अधिक मजबूत और लचीली होगी।



### खाद्यान्न, गेहूं और बागवानी उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

एक दशक में भारत के कृषि क्षेत्र ने औसतन लगभग 4.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन अब लगभग 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि देश में गेहूं का उत्पादन करीब 118 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर चुका है। मछली उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह अब 19 मिलियन टन से अधिक हो गया है, जो कृषि और उससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विकास को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है, जिसके माध्यम से बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत की लगभग 43 प्रतिशत कार्यशक्ति कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों से जुड़ी हुई है, जिससे यह देश की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है। भारत की कृषि व्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश के लगभग 87 प्रतिशत किसान इसी श्रेणी में आते हैं।

### लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो विमान में बम की धमकी झूठ निकली

**नई दिल्ली।** लखनऊ से दिल्ली जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को शुक्रवार को रोक दिया गया, जब विमान के एक शौचालय में टिश्यू पेपर पर बम की धमकी लिखी हुई मिली। इस घटना के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत व्यापक जांच शुरू कर दी। करीब 180 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही यह फ्लाइट सुबह 10:45 बजे लखनऊ से रवाना होने वाली थी। उड़ान भरने की तैयारी चल रही थी, तभी चालक दल के सदस्यों को विमान में संभावित सुरक्षा खतरे की जानकारी मिली।इसके बाद विमान को तुरंत एप्रन पर रोक दिया गया और उसे उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा एजेंसियों ने तय प्रक्रिया के तहत आपातकालीन कार्रवाई शुरू कर दी। यह मामला तब सामने आया जब विमान के एक शौचालय में रखे टिश्यू पेपर पर "बम" लिखा हुआ मिला। इसकी जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों और अन्य एजेंसियों ने विमान और उसके आसपास के क्षेत्र की गहन जांच शुरू कर दी। बाद में अधिकारियों ने पाया कि यह केवल एक झूठी धमकी थी। सुरक्षा जांच के दौरान विमान में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि 12 जून को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली उड़ान 6ई 2111 में उड़ान भरने से कुछ समय पहले सुरक्षा संबंधी एक सूचना मिली थी।

### राहुल से मिले तेलंगाना के सीएम

## मीनाक्षी नटराजन मामले में आंतरिक साजिश की जांच के लिए समिति गठित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी से मिलना हमेशा ऊर्जा और प्रेरणा देने वाला अनुभव होता है। रेवंत रेड्डी ने लिखा, "अपने नेता राहुल गांधी से मिलना हमेशा प्रेरणादायक रहता है।यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस नेता और तेलंगाना मामलों की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन का मध्य प्रदेश से राज्यसभा नामांकन खारिज होने का मामला पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल पैदा कर चुका है। दरअसल, रिटर्निंग अधिकारी ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन इस आधार पर निरस्त कर दिया कि उन्होंने अपने हलफनामे में तेलंगाना हाईकोर्ट में लंबित एक मामले का उल्लेख नहीं किया था। इस घटनाक्रम के बाद मध्य प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया कि उन्हें इस मामले से जुड़े दस्तावेज तेलंगाना कांग्रेस के ही एक नेता के माध्यम से मिले थे। इस विवाद को कांग्रेस आलाकमान ने गंभीरता से लेते हुए कथित आंतरिक साजिश (इंटरनल सबोटाज) की जांच के लिए एक समिति गठित की है।



## हाईस्कूल पास न होने पर सेवा पुस्तिका में दर्ज जन्मतिथि ही सही मानी जाएगी : हाईकोर्ट

**एजेंसी। प्रयागराज**



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि किसी कर्मचारी ने सरकारी सेवा में प्रवेश के समय हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा पास नहीं की थी, तो उसकी सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) में दर्ज जन्मतिथि ही सभी उद्देश्यों के लिए सही मानी जाएगी।जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी ने उत्तर प्रदेश भर्ती सेवा (जन्मतिथि निर्धारण) नियमावली, 1974 के नियम 2 का हवाला देते हुए कहा कि सेवा में नियुक्ति के समय दर्ज जन्मतिथि को ही सही माना जाएगा और बाद में उसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। मामला हरदुआगंज थर्मल पावर प्लांट, अलीगढ़ में कार्यरत एक श्रमिक से जुड़ा था, जिसकी नियुक्ति वर्ष 1988 में हुई थी। मेडिकल परीक्षण के आधार पर उसकी जन्मतिथि 19 अक्टूबर 1967 दर्ज की गई थी। जिसके अनुसार उसकी सेवानिवृत्ति 31 अक्टूबर 2027 को होनी थी। हालांकि बाद में एक जांच और ट्रांसफर सर्टिफिकेट के आधार पर उसकी जन्मतिथि 14 अप्रैल 1966 दर्ज कर दी गई, जिससे उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि बदलकर 30 अप्रैल 2026 कर दी गई। अदालत ने पाया कि वर्ष 1966 की जन्मतिथि बाद में व्हाइट इंक का उपयोग कर दर्ज की गई थी और इसके लिए जिस ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर भरोसा किया गया। वह नियमों के तहत मान्य दस्तावेज नहीं था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कर्मचारी को बिना सुने और उसकी जानकारी के पीछे इस तरह का निर्णय नहीं लिया जा सकता। इन परिस्थितियों में हाईकोर्ट ने कर्मचारी की सेवानिवृत्ति तिथि बदलने संबंधी आदेशों को रद्द कर दिया और कहा कि सेवा पुस्तिका में मूल रूप से दर्ज जन्मतिथि ही मान्य होगी।

## राबड़ी ने गायक छोटू छलिया को दिया हीरे का कंगन, नीरज बोले-ईडी को लिखूंगा पत्र

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने गायक छोटू छलिया को हीरे जड़ा कंगन भेंट किया था, जिसके बाद से राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। जदयू नेता नीरज कुमार ने राबड़ी देवी से बिल दिखाने की मांग करते हुए ईडी को पत्र लिखने की बात कही है। पटना में आईएएनएस से बात करते हुए जदयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि राबड़ी देवी ने गायक छोटू छलिया को हीरे का कंगन दिया तो उसकी रसीद कहां है? कहां से खरीदा गया था? जीएसटी नंबर क्या है? क्या इसका बिल उपलब्ध है? उन्होंने कहा कि इस मामले में वे ईडी को पत्र लिखेंगे और छोटू छलिया से पूछताछ कराने की मांग करेंगे कि कंगन असली हीरे का था या नहीं, उसे क्यों दिया गया और पूरा ब्योरा क्या है।



## तृणमूल कांग्रेस में लगातार बढ़ रहा संकट : सौगत रॉय

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में बढ़ते अंदरूनी मतभेदों के बीच पार्टी सांसद सौगत रॉय ने कहा है कि कुछ सांसद दावा कर रहे हैं कि उन्होंने किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, फिर भी उनके नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हो रहा है, वह अनैतिक और गलत है। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए, लेकिन फिर भी उनके नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। मीडिया में हस्ताक्षरों की एक सूची प्रसारित हो रही है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि 18, 19 या 20 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। दो-तिहाई बहुमत के फॉर्मूले पर चर्चा हो रही है, लेकिन मुझे इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि जो कुछ वे कर रहे हैं, वह अनैतिक और गलत है।"

उन्होंने कहा, "ये सभी सांसद तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर जीतकर आए हैं। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने उनके लिए प्रचार किया था और पार्टी ने उन्हें पूरा समर्थन दिया था।



**उपलब्धि** नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रही मोदी सरकार: अमित शाह

# रक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका हुई अधिक मजबूत

- 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल को महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यकाल 12 साल पूरा हो गया है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।''

उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 70 प्रतिशत महिलाओं को बिना गारंटी ऋण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। वहीं, 'लखपति दीदी', 'करोड़पति दीदी' और स्वयं सहायता समूहों जैसी योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी का मार्ग भी प्रशस्त किया है। राजनाथ सिंह ने विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं परिचालन, रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में अमूल्य योगदान दे रही हैं, जिससे सशस्त्र बलों और देश की सुरक्षा को मजबूती मिल रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला-नेतृत्व वाले विकास और महिलाओं के लिए अधिक अवसर सृजित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं और उनके परिणामों को भी साझा किया। इसमें बताया गया कि सेना में 2014 में महज 3,000 महिलाएं थीं, जिनकी संख्या 2025 में 11,000 तक पहुंच गई है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए नियमों और अन्य उपलब्धियों को भी साझा किया।



### महिलाएं गढ़ रहीं भारत का भविष्य

गृह मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष, खेल, अनुसंधान और उद्योग समेत हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत की नारी शक्ति राष्ट्रीय विकास की प्रमुख प्रेरक शक्ति बनकर उभरी है। सम्मान, आर्थिक सशक्तीकरण और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका के माध्यम से महिलाएं आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ भारत के भविष्य को आकार दे रही हैं।

## दृष्टिपात

### नासिक कॉर्पोरेट जिहाद धर्मांतरण केस में 3 आरोपियों की जमानत पर सुनवाई 19 जून को

**नासिक।** नासिक के चर्चित टीसीएस कॉर्पोरेट जिहाद एवं धर्मांतरण प्रकरण में आरोपी निदा खान सहित अन्य दो आरोपियों द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर अब 19 जून को सुनवाई होगी। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपियों के वकीलों की दलीलें सुनीं और जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई तथा निर्णय के लिए 19 जून की तारीख निर्धारित की। मामले में सरकारी पक्ष की ओर से भी 19 जून को अपना पक्ष रखा जाएगा। इसके बाद न्यायालय जमानत याचिका पर निर्णय ले सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए दो बार तारीख दी जा चुकी है, लेकिन विभिन्न कारणों से मामले की सुनवाई आगे बढ़ाई गई थी। अब नाशिक के बहुचर्चित कॉर्पोरेट जिहाद एवं धर्मांतरण प्रकरण में आरोपी निदा खान सहित अन्य दो आरोपियों की जमानत याचिका पर 19 जून को सुनवाई होने वाली है। पुलिस के अनुसार, टीसीएस कंपनी से जुड़े इस प्रकरण में अत्याचार और धार्मिक भावना आहत करने के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियां इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर रही हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### तृणमूल कांग्रेस पहले कभी थी, अब कोई पूछने वाला नहीं है : शाहनवाज हुसैन



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पार्टी थी, अब नहीं है, अब सच्चाई यह है कि इस पार्टी को कोई भी पूछने वाला नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा कि टीएमसी की विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है और यह सबकुछ इसलिए हो रहा है, क्योंकि टीएमसी को लेकर राज्य के लोगों का आक्रोश अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस पार्टी के रवैये से कोई खुश नहीं है, क्योंकि इसने आज तक जनता के हित में कोई काम नहीं किया। इस बात को नहीं भुलाया जा सकता है कि कैसे कांग्रेस को तोड़कर कभी टीएमसी का गठन किया गया था। इतिहास इस बात का साक्षी है कि कैसे टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के दफ्तर में घुसकर उसमें तोड़फोड़ की थी। यही नहीं, उसके कार्यकर्ताओं को भी पीटा था और फिर से इतिहास खुद को अलग तरह से दोहरा रहा है। आज टीएमसी में टूट की स्थिति बनी हुई है, उसके नेता इधर-उधर भाग रहे हैं। इन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। वजह साफ है कि सूबे की जनता का आक्रोश इन लोगों के खिलाफ अपने चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने अभिषेक बनर्जी पर भी निशाना साधा। उनके मुताबिक, अभिषेक बनर्जी को अपने कार्यों का सीधा हिसाब जनता के सामने प्रस्तुत करना होगा। उन्हें यह बताना होगा कि उन्होंने क्या-क्या किया। वो तो खुद को पश्चिम बंगाल का राजा समझ रहे थे, खुद को युवराज समझ रहे थे।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में एसोसिएट प्रोफेसर के 90 पदों पर होगी सीधी भर्ती आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नौकरी करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए एक शानदार अवसर सामने आया है। दरअसल, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली ने अपने तीन परिसरों - वेदव्यास परिसर, बलाहर (हिमाचल प्रदेश); श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखंड) और एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा) के लिए विभिन्न शिक्षण और अन्य शैक्षणिक के कुल 90 पदों पर पात्र उम्मीदवारों की सीधी भर्ती के लिए देश के नागरिकों से एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 10 जून से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तय की गई है। ऐसे में जो पात्र और इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। सफलतापूर्वक ऑनलाइन आवेदन करने के बाद कैंडिडेट्स को अपने रजिस्ट्रेशन फॉर्म की हार्ड कॉपी सभी संबंधित डॉक्यूमेंट्स के साथ 'रजिस्ट्रार, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56-57, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058' पते पर ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख से 15 दिनों के भीतर पहुंचाना होगा। इन पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा, शॉर्टलिस्टिंग, लिखने की क्षमता/विषय की जानकारी दी।

### आईडीएफसी बैंक घोटाले में सीबीआई ने 9 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) के फंड के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में सरकारी अधिकारियों और आईडीएफसी बैंक के कर्मचारियों सहित कुल 9 आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालतों में दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि हरियाणा सरकार से जुड़े मामले में अवैध बैंक लेन-देन के कारण लगभग 504 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जबकि चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश से जुड़े मामले में करीब 153 करोड़ रुपए की हानि हुई। सीबीआई ने यह भी कहा कि इन मामलों में आगे और भी चार्जशीट दाखिल की जा सकती हैं। सीबीआई के बयान में कहा गया है कि चार्जशीट में आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। सीबीआई ने बताया कि हरियाणा सरकार से जुड़े मामले की चार्जशीट पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में दाखिल की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के त्राल में कीटनाशक से 20 भेड़ों की मौत, जांच की मांग

**श्रीनगर।** शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में कम से कम 20 भेड़ें संदिग्ध जहरीले हालात में मृत पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के त्राल इलाके के एक चरवाहे की भेड़ें संदिग्ध जहरीले हालात में मर गईं, जिससे मालिक को भारी नुकसान हुआ और चरागाहों की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गईं। ये भेड़ें सीर त्राल के रहने वाले बिलाल अहमद की थीं। बताया जा रहा है कि घटना के समय उन्हें त्राल के केहलील इलाके में ऊंचे पहाड़ी मैदान (घास के मैदान) में ले जाया जा रहा था। चरवाहों का कहना है कि गिरने से कुछ देर पहले ही भेड़ों ने ऐसी घास खाई थी, जिसके बारे में शक है कि वह कीटनाशकों से दूषित थी। बाद में सभी 20 भेड़ों की मौत हो गई, हालांकि मौत की सही वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना से चरवाहों और पशुपालकों में चिंता पैदा हो गई है, जिनमें से कई अपनी आजीविका के लिए मौसमी चरागाह मार्गों पर निर्भर हैं। यह घटना बडगाम जिले के कावूसा के यारीगुंड इलाके में हुई ऐसी ही एक घटना के दो महीने से भी कम समय में हुई है, जहां 26 अप्रैल को संदिग्ध जहरीले हालात में आठ भेड़ें मर गई थीं।


### एफएसएसएआई का सख्त निर्देश, खाने-पीने की पैकिंग में न हो पिन और तार का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शुक्रवार को खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) को निर्देश किया है कि तत्काल प्रभाव से मेटल की पिन, स्टेपल पिन, वायर और अन्य इसी प्रकार की अन्य चीजों का इस्तेमाल खाने-पीने के उत्पादों को पैक करने और सुरक्षित रखने के लिए न करें, क्योंकि इससे ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो रहा है। खाद्य नियामक ने कहा कि यह बात सामने आई है कि सजावटी केक के साथ-साथ खाने के पैकेट, केक बॉक्स, मिठाई के डिब्बे, स्नैक पाउच, टेकअवे फूड पार्सल और खाने के दूसरे पैकेजों को पैक करने के लिए भी मेटल की पिन और तारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एफएसएसएआई ने कहा है कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें केक और खाने के पैकेट में मेटल के टुकड़े या स्टेपल पिन मिले हैं। ऐसे मामलों से खाने की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा होता है, क्योंकि ग्राहक अनजाने में इन धातु की चीजों को खा सकते हैं, जिससे उन्हें चोट लग सकती है या सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# शूटर जसपाल राणा का निधन कॉमनवेल्थ गेम्स में जीते थे 9 गोल्ड

## अपने कोच के निधन का पता चलते ही मनु भाकर ने ट्रेनिंग रोकी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के दिग्गज शूटर जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। 1 जून को जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में 49 साल के राणा की तबीयत बिगड़ी थी। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके हार्ट में स्टेंट डाला गया था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट कालीकेश नारायण सिंह देव ने उनके निधन की पुष्टि की। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 बार गोल्ड मेडल जीते थे। इनमें लगातार 4 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उन्हें फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल के लिए भारतीय जूनियर टीम का हाई परफार्मेंस कोच बनाया गया था।

**कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में 23 मेडल जीते :** जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स को मिलाकर कुल 23 मेडल अपने नाम किए थे। इनमें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 8 मेडल थे। कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज को मिलाकर कुल 15 मेडल जीते थे। उन्हें 18 साल की उम्र में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप में दर्द से कराहते हुए गोल्ड जीता था :** जसपाल राणा ने कई इंटरनेशनल इवेंट्स में मेडल जीते, लेकिन 1994 में मिलान वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत यादगार रही। प्रतियोगिता से एक दिन पहले उनके घुटने में फोड़ा हो गया था। डॉक्टरों ने उन्हें सर्जरी की सलाह दी और अस्पताल से छुट्टी देने से इनकार कर दिया था। डॉक्टरों की सलाह के उलट जसपाल और उनके कोच सनी थॉमस ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला किया, लेकिन अस्पताल से निकलने के बाद उसी रात फोड़ा फूट गया, जिससे उनका दर्द बढ़ गया। वे अपनी जींस तक नहीं उतार पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जींस को फाड़कर हाफ पैंट बनाई और उसे पहनकर ही अगली सुबह प्रतियोगिता में उतरे। राणा ने असहनीय दर्द के साथ कराहते हुए मैच खेला और जूनियर कैटगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना पहला इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीता। इसी साल उन्होंने हिरोशिमा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता।

**पिता आईटीबीपी में थे, 10 साल की उम्र से शूटिंग सिखाई :** जसपाल के पिता नारायण सिंह राणा इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस, यानी ITBP में तैनात थे। उन्होंने 10 साल की उम्र में ही जसपाल को पिस्टल और राइफल शूटिंग के बारे में बताया। जसपाल ने शुरुआत में पिस्टल और राइफल दोनों से अभ्यास किया, लेकिन बाद में फेडरेशन ने एक इवेंट के लिए एक ही शूटर चुनने का नियम लागू किया, जिसके बाद उन्होंने पिस्टल शूटिंग को चुना।



*मनु भाकर ने ओलिंपिक मेडल जीतने के बाद जसपाल राणा के साथ फोटो पोस्ट की थी।*

### अभिनव बिंद्रा ने लिखा- जसपाल का जाना दुखद



2008 ओलिंपिक में भारत को शूटिंग का पहला गोल्ड मेडल दिलाने वाले अभिनव बिंद्रा ने जसपाल राणा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'जसपाल के निधन की खबर सुनकर दुखी हूं। वे मेरे टीम मेट रहे हैं और भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली पीढ़ी के अहम सदस्य थे।

## भारत बना ओवरऑल चैंपियन झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते छह पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित तृतीय दक्षिण एशियाई ट्रेडिशनल लाठी चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में झारखंड के खिलाड़ियों नवयान कर्मकार, अध्विक उरांव एवं आरीत उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत तथा 1 कांस्य पदक जीतकर भारत और झारखंड का गौरव बढ़ाया। इस शानदार सफलता पर इंडिया ट्रेडिशनल लाठी के संस्थापक सतीश कुमार तथा महासचिव विनोद कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप, जो श्रीलंका में आयोजित होगी, के लिए नामांकित किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर झारखंड ट्रेडिशनल लाठी संघ के सचिव बिस्वजीत कर्मकार तथा अध्यक्ष वरुण कुमार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में खेल के विकास एवं खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक खेल उपकरण एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, जिससे वे भविष्य की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। झारखंड ट्रेडिशनल लाठी संघ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप

### जीत के साथ दक्षिण कोरिया का आगाज, रोमांचक मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ कोरिया ने जीत के साथ की है। रोमांच के भरपूर मुकाबले में टीम ने चेकिया को 2-1 से हराया। साउथ कोरिया ने मैच के दूसरे हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच के आगाज के साथ ही साउथ कोरिया और चेकिया की टीम को शुरुआत में गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इस भुनाने में नाकाम रहीं। मैच के 9वें मिनट में साउथ कोरिया के पास मिली फ्री किक से बढ़त बनाने का शानदार मौका था, लेकिन चेकिया के डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। 11वें मिनट में साउथ कोरिया की टीम कॉर्नर का भी फायदा उठाने में नाकाम रही। पहले हाफ में कोरिया ने चेकिया के डिफेंस पर दबाव तो खूब डाला, लेकिन उनके डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। चेकिया को पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और टीम को मैच के 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। लाडिसलाव क्रेजकी ने बेहतरीन हेडर के जरिए शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

## ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का समापन, खिलाड़ियों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला वुशु एसोसिएशन एवं झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम के वुशु कक्ष में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को विधिवत समापन हो गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 1 जून 2026 से प्रारंभ हुआ था, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहु ने कहा कि खिलाड़ी नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें तथा राज्य का नाम रोशन करें। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मंडल प्रमुख चंचल भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिविर में सीखी गई तकनीकों का निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपने खेल कौशल को और अधिक विकसित करने का आह्वान किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों को वुशु खेल की आधुनिक तकनीकों, विशेष कौशल, शारीरिक दक्षता और आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया तथा प्रतिस्पर्धात्मक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

समापन समारोह में झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे, उपाध्यक्ष मिथलेस साहू, वुशु प्रशिक्षक दीपक गोप, शिवेंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक और खेल प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन के सफल संचालन पर सभी प्रतिभागियों ने एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## 13-14 जून को होगा मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खेल और पत्रकारिता जगत के बीच आपसी सौहार्द एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 13 एवं 14 जून को किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और प्रतिभागी टीमों में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों के प्रबंधक एवं कप्तान प्रेस क्लब पहुंचकर अपनी टीम की खेल पोशाक प्राप्त कर सकते हैं। खेल पोशाक वितरण की व्यवस्था की गई है और संबंधित टीमों से निर्धारित समय के भीतर इसे प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। आयोजकों के अनुसार, सभी टीमों के प्रबंधक एवं कप्तान शाम 4:30 बजे तक प्रेस क्लब पहुंचकर अपनी-अपनी टीम की पोशाक प्राप्त कर लें, ताकि प्रतियोगिता के आयोजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

## केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, न्यूजीलैंड के लिए बनाए सबसे ज्यादा रन



**एजेंसी । नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से अलविदा कह दिया है। केन विलियमसन के नाम न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का रिकॉर्ड है। संन्यास के साथ ही विलियमसन के 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। विलियमसन ने अपना आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में खेला जिसमें न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में विलियमसन ने कहा, "मैंने इस बारे में कुछ समय से सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह साफ हो गया है कि अब सही समय है। मैंने हमेशा इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए एक मजबूत इच्छा और भूख महसूस की है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने न्यूजीलैंड के लिए खेले गए हर मैच में अपना सब कुछ दिया है। इससे कम कुछ भी जारी रखना सही नहीं होगा और मैं अपनी शर्तों पर पीछे हटने के लिए खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं। विलियमसन ने कहा, "मैं इस बात को लेकर सकारात्मक महसूस कर रहा हूं कि यह ग्रुप कहां जा रहा है। इसमें बहुत सारा टैलेंट है और इस न्यूजीलैंड टीम के साथ कुछ खास करने की सच्ची इच्छा है। यह एक ऐसी टीम है जिसे मैं प्यार करता हूं, और मैं इतने लंबे समय तक इसका हिस्सा बनकर बहुत खुशकिस्मत महसूस करता हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी। 35 साल के विलियमसन ने 2010 में टेस्ट और वनडे में और 2011 में टी20 में डेब्यू किया था। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने और सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

### 'तुमने अपना काम कर दिया' कोहली ने विलियमसन के लिए लिखा भावुक संदेश



**नई दिल्ली ।** न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। विलियमसन के संन्यास पर भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जिंदगी तो अभी शुरू हुई है। विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, "इतने वर्षों के दौरान विरोधी से दोस्त बनने का सफर।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# तेल कंपनियों को प्रतिदिन हो रहा करीब 500 करोड़ रुपए का नुकसान

## रिटेल आउटलेट्स से बल्क डीजल बिक्री पर रोक से मिलेगी राहत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को रिटेल आउटलेट्स पर बल्क डीजल की बिक्री पर रोक लगा दी। इसकी वजह तेल कंपनियों को राहत देना था, जो कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते प्रतिदिन 500 करोड़ रुपए की अंडर रिकवरी (बिक्री और लागत में अंतर) का सामना कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 'मोटर स्पिरिट और हाई-स्पीड डीजल आदेश, 2026' के तहत ऐसे अस्थायी उपाय लागू किए गए हैं जो शुरू में 90 दिनों तक लागू रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य रिटेल ग्राहकों के लिए बिना रुकावट डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना और सब्सिडी वाले रिटेल ईंधन की आपूर्ति को बल्क यूजर्स की ओर जाने से रोकना है। नए नियमों के तहत, रिटेल आउटलेट डीजल सिर्फ



गाड़ियों के टैंक या पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीईएसओ) से मंजूरी प्राप्त कंटेनरों में ही देंगे। इसमें हर ग्राहक या गाड़ी के लिए रोजाना अधिकतम 200 लीटर की सीमा तय की गई है। हालांकि, रिटेल आउटलेट से खरीदे गए डीजल को दोबारा बेचा नहीं जा सकता है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल, कमर्शियल और डायरेक्ट कंज्यूमर्स को रिटेल आउटलेट से डीजल खरीदने से मना किया गया है; उन्हें तय कंज्यूमर पंपों से ही आपूर्ति लेनी होगी। सरकार के अनुसार, रिटेल आउटलेट पर डीजल की मांग में अचानक बढ़ोतरी के बाद ये पाबंदियां लगाई गई हैं, क्योंकि बल्क कंज्यूमर्स कम रिटेल कीमतों का फायदा उठाने के लिए पीएसयू फ्यूल स्टेशनों से खरीदारी करने लगे थे। साथ ही, रिटेल डीजल अभी बल्क डीजल के मुकाबले लगभग 40 रुपए प्रति लीटर सस्ता है, क्योंकि ग्लोबल एनर्जी की कीमतें ज्यादा होने के बावजूद सरकारी तेल कंपनियां कीमत में राहत दे रही हैं। सरकार के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच घरों, किसानों और दूसरे ग्राहकों को बचाने के लिए सरकारी फ्यूल रिटेलर्स अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर हर दिन लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान उठा रहे हैं। मई 2026 के आंकड़ों से पता चला है कि पीएसयू रिटेल आउटलेट्स के जरिए डीजल की बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हुई है; 327 जिलों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत से ज्यादा और 80 जिलों में 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई।

वहीं, ज्यादा कीमतों की वजह से मई में प्राइवेट ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) बिक्री में लगभग 58 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। मंत्रालय ने कहा कि सरकार के ध्यान में जेरी कैन में बड़ी मात्रा में डीजल खरीदने और बाद में उसे दोबारा बेचने के मामले आए हैं, जिसके चलते यह नया कदम उठाया गया है। सरकार ने कहा कि नियमों का पालन कराने और आदेश का उल्लंघन रोकने की जिम्मेदारी ओएमसी और रिटेल आउटलेट डीलरों की होगी, जबकि राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को कालाबाजारी और अनधिकृत डायवर्जन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ते ब्रांडों में शामिल आइकॉनिक व्हाइट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आइकॉनिक व्हाइट को ड्रिंक्स इंटरनेशनल की मिलियनेयर्स क्लब 2026 रिपोर्ट में लगातार तीसरे वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले मिलियनेयर ब्रांडों में शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में मिलियनेयर्स क्लब में शामिल होने के बाद से इस ब्रांड ने लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की है। एबीडी के प्रबंध निदेशक अमर सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं के मजबूत भरोसे और कंपनी के बढ़ते पोर्टफोलियो को दर्शाती है। कंपनी के अनुसार मई 2026 में आइकॉनिक व्हाइट ने एक ही महीने में 10 लाख से अधिक केसेस की बिक्री का आंकड़ा पार कर नया रिकॉर्ड बनाया। वहीं ऑफिसर्स चॉइस और स्टर्लिंग रिजर्व ने भी वैश्विक रैंकिंग में अपनी मजबूत मौजूदगी बरकरार रखी है।

## भारतीय शेयर बाजार करीब 2 प्रतिशत उछले, निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपए का फायदा



**एजेंसी । मुंबई**

अमेरिका-ईरान के बीच के बीच तनाव कम होने से भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,695.40 अंक या 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,527.95 और निफ्टी 461.30 अंक या 1.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,622.90 पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई, जिससे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 10 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 462 लाख करोड़ रुपए हो गया है। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,442.70 अंक या 2.43 प्रतिशत बढ़कर 60,768.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 494.35 अंक या 2.80 प्रतिशत बढ़कर 18,197.45 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, ट्रेंट और अदाणी पोर्ट्स गेनर्स थे। केवल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही लाल निशान में बंद हुए।

## डीपटेक तकनीक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रहा मजबूत आधार : नैसकॉम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईटी इंडस्ट्री की सर्वोच्च संस्था नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज) ने शुक्रवार को कहा कि भारत का कृषि और जल प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ा डीपटेक इकोसिस्टम तेजी से मजबूत हो रहा है, जिसमें स्टार्टअप की बढ़ती संख्या अब पायलट परियोजनाओं से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक विस्तार और कारोबार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित 'डीपटेक कॉन्फ्लुएंस 2026' कार्यक्रम में इस रुझान को रेखांकित करते हुए नैसकॉम ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), जैव प्रौद्योगिकी और जलवायु तकनीकों से संचालित नवाचार देश के कृषि और जल क्षेत्रों में चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्केलेबल समाधानों की तलाश कर रहे उद्यमों, निवेशकों और नीति निर्माताओं का तेजी से ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा कि कृषि और जल प्रबंधन ऐसे दो महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां डीपटेक तकनीकें आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक स्तर पर बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं।

उन्होंने कहा, "भारत में ऐसे उद्यमियों की मजबूत आधारशिला मौजूद है, जो एआई, आईओटी, जैव प्रौद्योगिकी, मटेरियल साइंस, सेंसर तकनीक, ऑटोमेशन और जलवायु तकनीकों को मिलाकर नए समाधान विकसित कर रहे हैं। संगीता गुप्ता ने कहा कि डीपटेक कॉन्फ्लुएंस के माध्यम से नैसकॉम स्टार्टअप्स को बेहतर बाजार पहुंच, उद्योगों के साथ जुड़ाव और तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## आरबीआई के ताजा फैसलों से भारत में आ सकता है 50 अरब डॉलर तक का फॉरेक्स इनफ्लो

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा कदमों से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, बैंकिंग प्रणाली में तरलता और भारतीय रुपए को सपोर्ट मिलेगा। साथ ही, इससे वित्त वर्ष 27 में 40-50 अरब डॉलर का फॉरेक्स इनफ्लो देश में आ सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के रियायती स्वैप फ्रेमवर्क के तहत ईसीबी रूट से उधार लेने की लागत में लगभग 200-250 आधार अंकों की कमी से बैंकों को फायदा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंडिंग की कम लागत से क्रेडिट



ग्रोथ को बढ़ावा मिलने, लोन की गतिविधियों के मजबूत होने और बैंकिंग सेक्टर में फंडिंग की क्षमता बेहतर होने की उम्मीद है। यह नई पहल आरबीआई के 2013 में शुरू किए गए एक प्रोग्राम जैसी ही है, जिसके चलते एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में लगभग 27 अरब डॉलर और कुल एनआरआई डिपॉजिट में करीब 34 अरब डॉलर का इनफ्लो हुआ था।

### सिविल सर्जन से मानदेय भुगतान का मिला आश्वासन

# हड़ताल पर गए सफाईकर्मी काम पर लौटे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में कार्यरत बालाजी एजेंसी के सफाईकर्मियों ने पिछले पांच माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। करीब 40 से 50 सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई और कई वार्डों तथा अस्पताल परिसर में सफाई कार्य ठप पड़ गया। सफाईकर्मियों का कहना था कि वे पिछले पांच महीनों से वेतन भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने कई बार अस्पताल प्रशासन, सिविल सर्जन और अधीक्षक को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। आर्थिक तंगी से परेशान कर्मियों ने अंततः हड़ताल का रास्ता अपनाते हुए अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और बकाया मानदेय के भुगतान की मांग उठाई। हड़ताल पर बैठे कर्मियों ने कहा कि जब तक उनके बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से अस्पताल प्रशासन की चिंता बढ़ गई, क्योंकि अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिविल सर्जन ने हड़ताली कर्मियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सफाईकर्मियों को आश्वासन दिया कि आगामी 20 जून तक सभी बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। सिविल सर्जन के इस आश्वासन के बाद सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने और पुनः अपने कार्य पर लौटने का निर्णय लिया। हालांकि सफाईकर्मियों ने प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि यदि निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन और हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि लगातार पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

### पुलिस ने 2 साल से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हेरहंज।** हेरहंज थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 26/2024 के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए शुक्रवार संध्या 5 बजे थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बालूमाथ तेली टोला निवासी रंजन उर्फ रंजन कुमार तथा राजन पिता ननकु साव है। जिसके विरुद्ध थाना में 31 जुलाई 2024 को अपहरण और मारपीट संबंधी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसे थाना पुलिस ने पकड़ने के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन हमेशा ही पकड़ से बाहर रहा।

# जंगल में महिला का कंकाल मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के जमुदाहा जंगल में शुक्रवार को एक महिला का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के साथ पांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, जंगल में मिले कंकाल के पास बरामद कपड़ों के आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान सुनीता देवी (37), पति विनोद राम, भटवलिया, पांडू के रूप में की है। बताया गया कि सुनीता देवी गत 29 मई को सुबह करीब 11 बजे जंगल में लकड़ी लाने गई थीं, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी थीं। घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि महिला की मौत जंगली जानवर के हमले में हुई हो सकती है। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने कंकाल को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम एवं वैज्ञानिक जांच के लिए रिम्स, रांची भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पांडू थाना पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया 'ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप' का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार जिला परिषद की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने चंदवा पंचायत भवन में 'झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना' के अंतर्गत गांव भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अनीता देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक ज्ञान, जड़ी-बूटियों से उपचार तथा स्थानीय नवाचारों का अमूल्य भंडार मौजूद है। इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न पंचायतों में जाकर ऐसे नवाचारों एवं पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत के लिए चार-चार विद्यार्थियों की टीम गठित की गई है, जो ग्रामीणों से संवाद कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगी।

अनीता देवी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान, सामाजिक अनुभव तथा कौशल विकास का अवसर मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सह मेंटर प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, पंचायत समिति चंदवा, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं इंटर्नशिप में भाग ले रहे छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गारू थाना पुलिस ने चेरोडीह सहित कई गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

# साइबर ठगी व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार लातेहार जिले में पुलिस एवं आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गारू थाना क्षेत्र के कारवाई पंचायत अंतर्गत ग्राम चेरोडीह एवं आसपास के अन्य गांवों में विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गारू थाना पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर साइबर अपराधों से बचाव, बाल विवाह की रोकथाम, डायन-प्रथा उन्मूलन, मानव तस्करी, बाल मजदूरी तथा अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि साइबर ठग विभिन्न माध्यमों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं, इसलिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक अथवा बैंक संबंधी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। बैठक में ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि बाल विवाह, मानव तस्करी, बाल मजदूरी और डायन-प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा ऐसे मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी की जानकारी देने वाले सूचकों के लिए निर्धारित इनाम राशि की भी जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 सेवा के उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया तथा लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

जागरूकता अभियान के तहत गांवों में विभिन्न स्थानों पर साइबर अपराध, मानव तस्करी, बाल विवाह एवं नशा उन्मूलन से संबंधित पोस्टर चिपकाए गए तथा आम लोगों के बीच जागरूकता संबंधी पर्चों और पोस्टरों का वितरण किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए बिना किसी संकोच के थाना आने और पुलिस से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया। ग्रामीणों ने पुलिस के इस पहल का स्वागत करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाजहित में महत्वपूर्ण बताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनता और पुलिस के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे।

## देवनद में डूब कर मरने वाले प्रिंस के परिजनों को मिले मुआवजा : भाजपा



- अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे। पिछले दिनों एक गरीब परिवार से आने वाले बालक प्रिंस कुमार की देवनद नदी में डूब कर दर्दनाक मौत हो गई थी। प्रिंस मूल रूप से गढ़वा का रहने वाला है और रोल गांव अपनी नानी के घर आया था। परिजनों से बातचीत के दरमियान उन्हें जानकारी मिली कि इस गरीब परिवार की सुध लेने के लिए चंदवा प्रखंड से कोई अधिकारी या कर्मचारी तक नहीं पहुंचा है।प्रतुल ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि अनुसूचित जाति से आने वाले इस मृतक बालक के परिजनों तक प्रशासन का अभी तक नहीं पहुंचाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मौका से ही जिले के उच्च अधिकारियों से बातचीत की और अधिकारियों की पहल के बाद प्रखंड के कर्मचारी और अन्य कर्मी मृतक के घर पहुंचे और कागजी प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू की। प्रतुल ने लातेहार जिला प्रशासन से आग्रह किया कि वह शीघ्र कागजी कार्रवाई पूरी करके इस मामले को गढ़वा जिला प्रशासन को भेज दे क्योंकि प्रिंस कुमार वही का मूल निवासी था।हालांकि उसकी मृत्यु रोल गांव, चंदवा प्रखंड में हुई थी। प्रतुल ने कहा कि नियम अनुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा का भी भुगतान होना चाहिए। उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर इसे मंत्रालय स्तर पर भी उठाया जाएगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन अलर्ट 'जीरो एरर' के साथ कार्य करने का निर्देश

- 20 जून से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारियां तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डालटनगंज, विश्रामपुर, हुसैनाबाद एवं छत्तरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर समेत निर्वाचन कार्य से जुड़े संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए 'जीरो एरर' नीति अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं होना चाहिए।

समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही तैयारियों की जानकारी दी। इसमें मतदाताओं के डेटा मिलान, डाटा प्रविष्टियों के सत्यापन, विलोपन प्रक्रिया, प्रपत्र संग्रहण एवं निष्पादन, मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन तथा एएसडीडी सूची तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने सभी बीएलओ सुपरवाइजरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान पूरी सतर्कता और गंभीरता बरती जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि भविष्य में बड़ी समस्या का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर जांच और सत्यापन की प्रक्रिया मजबूत होनी चाहिए।

### कपड़े सूखाने के दौरान छत से गिरी महिला, हालत गंभीर

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत कटैया गांव निवासी मो. सलीम की पत्नी फरजाना खातून (40 वर्ष) शुक्रवार को छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार फरजाना खातून कपड़े धोने के बाद उन्हें सुखाने के लिए छत पर गई थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और बिना रेलिंग वाली छत से नीचे गिर पड़ीं। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन का धरना 15 जून को

**हरिहरगंज (पलामू)।** जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा एवं खेत मजदूर यूनियन द्वारा 15 जून को हरिहरगंज प्रखंड परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी सेमरवार पंचायत निवासी सह खेत मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जनेश्वर भुईयां ने शुक्रवार को दी।

### इंस्टाग्राम पर देसी कट्टा के साथ स्टेटस डालना पड़ा महंगा

# युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा के साथ स्टेटस लगाना एक युवक को भारी पड़ गया। पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत सरसोत गांव निवासी उपेंद्र साव के 19 वर्षीय पुत्र अभय कुमार उर्फ लड्डू को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में हरिहरगंज थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 105/26 दर्ज किया गया है। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति को भी आरोपित बनाया गया है।

छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रशांत कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व अभय कुमार उर्फ लड्डू की ओर से इंस्टाग्राम पर देशी कट्टा के साथ फोटो लगाया गया। स्टेटस पुलिस की नजर में आया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर सरसोत गांव स्थित बड़की आहर के समीप एक कुएं के पास ईंट के नीचे अखबार में लपेटकर छिपाया गया एक देशी हथियार बरामद किया गया। वहीं दूसरा हथियार भी कुछ ही दूरी पर स्थित एक अन्य कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, कुएं से हथियार निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए डीजल पंप की सहायता से कुएं का पानी निकाला गया, जिसके बाद हथियार को बरामद किया जा सका। एसडीपीओ ने बताया कि पूरे अभियान में पथरा ओपी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। जबकि फरार अज्ञात आरोपित की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। छापेमारी दल हरिहरगंज सब इंस्पेक्टर कुमार सौरभ,पथरा ओपी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, हवलदार हेमंत भेंगरा, आरक्षी लालबाबू यादव, अशोक यादव, रमेश उरांव, प्रीतम कुमार जायसवाल, गणेश साह, चालक सुधीर प्रकाश, सहायक पुलिस राजेंद्र कुमार यादव आदि शामिल थे।

## दो किमी सड़क अधूरी रहने से बरसात में बढ़ जाती है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित राजनडीह-महुडंड 22 किलोमीटर मुख्य पथ में करीब दो किलोमीटर सड़क अधूरी रहने से बरसात के दिनों में आवागमन काफी कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि झरीवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। बारिश के दौरान इस हिस्से में जलजमाव और कीचड़ होने से लोगों का आना-जाना लगभग बाधित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अन्य मौसम में कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से वाया पदारथडीह एवं काशीस्रोत रेल पुल के नीचे होकर दर्जनों पठारी गांवों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है, लेकिन बरसात में अधूरी सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अधूरे पड़े दो किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है, ताकि बरसात में भी ग्रामीण क्षेत्रों तक आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

## पेज एक के शेष

### रांची की बेटी...

जो राज्य की अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि पलक की सफलता झारखंड में महिला क्रिकेट को नई पहचान देने के साथ-साथ राज्य की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर छोटे शहरों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। ज्ञात हो कि श्रीलंका महिला टीम के भारत दौरे की शुरुआत 22 जून 2026 को चेन्नई में खेले जाने वाले टी-20 मुकाबले से होगी। अब क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस श्रृंखला पर टिकी हैं, जहां पलक भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरकर देश, झारखंड और रांची का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगी।

### झारखंड पहुंचा मानसून...

मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम 39.8 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 38.0 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.8 डिग्री और न्यूनतम 23.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### चारा घोटाले में...

याचिका में उन्होंने दावा किया कि जब्त जेवरात उनकी माता का 'स्त्रीधन' थे, इसलिए उन्हें परिवार को सौंप दिया जाए। विशेष अदालत ने इस याचिका को स्वीकार करते हुए जेवरात रिलीज करने का आदेश दे दिया था, जिसे सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट में सीबीआई की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता दीपक भारती ने दलील दी कि रवि सिन्हा ने निचली अदालत में अपने दावे के समर्थन में कोई भी पुख्ता दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं किया था। इसके बावजूद विशेष अदालत द्वारा जेवरात छोड़ने का आदेश देना न्यायसंगत नहीं है। सीबीआई ने तर्क दिया कि जो दावा मूल मालिक (रमा सिन्हा) ने अपने जीवनकाल में कभी नहीं किया, उसे उनकी मृत्यु के 13 साल बाद उठाना प्रथम दृष्टया पूरी तरह से अविश्वसनीय और मनगढ़ंत प्रतीत होता है। हाईकोर्ट ने सीबीआई की दलीलों से सहमति जताते हुए निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

### पिस्का मोड़ की...

स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह छोटू किसी तरह बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया। तार के संपर्क में आते ही उसे जोरदार करंट लगा, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसे तत्काल इलाज के लिए सेवा सदन अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में खुले बिजली तारों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे खतरनाक तारों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो इस तरह की दुखद घटना को टाला जा सकता था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### कोयलांचल सुपर किंग्स...

इस जोड़ी ने 122 रन की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप करके खेल को विरोधी टीम की पकड़ से दूर कर दिया। उत्कर्ष सिंह ने 32 गेंदों में 53 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि भाटिया ने 50 गेंदों में 79 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद शुभ शर्मा ने 14 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कोयलांचल ने 5 विकेट पर 192 रन बनाकर जीत हासिल की। छोटानागपुर रॉयल्स के लिए सुप्रियो चक्रवर्ती गेंदबाजी में अकेले शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने 3.1 ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

### रांची में झारखंड...

कृषि व्यापार मेले में कृषि, पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, बागवानी और सहकारिता विभागों के अलावा देशभर की कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियां, कृषि यंत्र निमार्ता और विभिन्न स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे। इससे किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत तकनीकों और कृषि व्यवसाय से जुड़ी संभावनाओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। आयोजन स्थल पर प्रदर्शनी हॉल, सांस्कृतिक हॉल, तकनीकी सत्र क्षेत्र, फूड कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट तथा कृषि यंत्रों के लाइव प्रदर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। सांस्कृतिक संध्या में पैका नृत्य, पद्मश्री मधुमंसुरी हसमुख द्वारा लोकगायन, संथाली जनजातीय नृत्य तथा आदित्य आनंद द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

### आधी रात जंगल...

अवैध कारोबार में संलिप्त लोग जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं, उत्खनन में लगी एक पोकलेन मशीन और बिहार की ओर जा रहे तीन ट्रेलर वाहन मौके पर छोड़ दिए गए। वित्त मंत्री ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रेलर और पोकलेन मशीन को कब्जे में लेकर इसकी सूचना छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार एवं थाना प्रभारी सौरभ चौबे को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम देर रात जंगल क्षेत्र में पहुंची और सभी वाहनों को जब्त कर थाना लाने की प्रक्रिया शुरू की। देर रात हुई इस कार्रवाई से अवैध खनन कारोबार से जुड़े अंतरराज्यीय माफियाओं में हड़कंप मच गया। वहीं ग्रामीणों के बीच भी इस कार्रवाई की चर्चा होती रही। लोग एक ओर स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे थे, तो दूसरी ओर वित्त मंत्री के साहसिक कदम की सराहना कर रहे थे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड से अवैध रूप से मोरम खनन कर बिहार भेजे जाने की शिकायत मिल रही थी। जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक एवं आईजी से बातचीत की जाएगी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और सख्ती बढ़ाई जाएगी। इधर जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।




### 'भारत इनोवेट्स 2026'

# फ्रांस दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन, राष्ट्रपति मैक्रों रहेंगे मौजूद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मिलकर 14 जून को पैलेस डेस एक्सपोजिशंस डी नीस में 'भारत इनोवेट्स 2026' का उद्घाटन करेंगे। भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा 'भारत इनोवेट्स 2026' केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। इसमें 120 भारतीय इनोवेटर्स, 15 उच्च शिक्षण संस्थान (एचईआई) और 500 से ज्यादा निवेशक शामिल होंगे। इनमें बड़े कॉर्पोरेट और वेंचर कैपिटल फर्म के साथ-साथ ग्लोबल सीईओ और इंडस्ट्री लीडर्स भी शामिल होंगे। इस इवेंट में एडवांस्ड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, स्पेस टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सुविधा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे 13 मुख्य क्षेत्र शामिल होंगे, जो भारत के बढ़ते इनोवेशन और डीप टेक इकोसिस्टम को दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के भी आने की उम्मीद है। इस दौरान भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद के



**निवेश और तकनीकी साझेदारी को मिलेगा बढ़ावा**

**120** भारतीय नवप्रवर्तक और 15 उच्च शिक्षण संस्थान भाग लेंगे

**500** से अधिक निवेशक, उद्योगपति और वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मौजूद रहेंगे

भी मौजूद रहने की बात कही गई है। सलाहकार अजय कुमार सूद ने 'भारत इनोवेट्स 2026' में भारत से 120 स्टार्ट-अप्स को चुनने के लिए टेक्निकल ओवरसाइट कमेटी का नेतृत्व किया था। 'भारत इनोवेट्स 2026' का पहला सत्र नीस में ग्लोबल इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्री के सामने भारत के डीप टेक इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स को दिखाएगा। उम्मीद है कि यह इवेंट भारत और ग्लोबल स्टेकहोल्डर्स के बीच इनोवेशन-लेड पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने के लिए एक हाई-इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा। इवेंट के दौरान कई खास घोषणाएं और नतीजे आने की उम्मीद है, जिसमें डीप टेक, रिसर्च और डेवलपमेंट, स्टार्ट-अप स्केलिंग और क्रॉस-बॉर्डर इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन में मजबूत कोलेबोरेशन फ्रेमवर्क शामिल हैं।

यह कार्यक्रम भारत और फ्रांस के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच संस्थागत साझेदारी के नए अवसरों को भी रेखांकित करेगा। इसका विशेष जोर सह-विकास (को-डेवलपमेंट), प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान और उभरती प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास पर होगा।

## सरकारी भवन में भीषण आग 4000 ईवीएम जलकर खाक द कोलकाता की नौ मंजिला इमारत में लगी आग, जांच शुरू



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक सरकारी बिल्डिंग में आग लगने से करीब 4 हजार ईवीएम जल गईं। ये मशीनें इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर इस्तेमाल की गई थीं। घटना के बाद टीएमसी ने चुनाव आयोग से सवाल किए हैं। वहीं, कांग्रेस और आप ने भी सरकार से जवाब मांगा है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है। बिल्डिंग में दक्षिण 24 परगना जिला परिषद समेत कई सरकारी दफ्तर हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब 24 घंटे लगे। पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री कौशिक चौधरी ने कहा कि आग सामान्य नहीं लगती। FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पश्चिम बंगाल के दमकल और आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री कौशिक चौधरी ने बताया कि आग सबसे पहले दूसरी और तीसरी मंजिल पर दिखी थी। इसके बाद यह सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं मंजिल तक पहुंच गई।

# तीन अंतरराष्ट्रीय कमर्शियल जहाजों पर हमला मामले में भारत ने राजदूत से जताया कड़ा विरोध

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अमेरिका के चार्ज डी'अफेयर्स जेसन मीक्स को एक बार फिर से तलब किया। ओमान के तट पर कमर्शियल जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों के खिलाफ भारत ने पिछले 48 घंटे में दूसरी बार अमेरिकी राजदूत को तलब किया है। हाल ही में ओमान के तट पर अमेरिका की तरफ से जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई थी। इससे पहले भारत ने बुधवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास चल रहे जहाजों पर हाल के हमलों पर कड़ा विरोध जताया था। ओमान के तट पर जिन कमर्शियल जहाजों पर हमला हुआ, उसमें सेटेबेलो भी शामिल था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, "हमने ओमान सेटेबेलो के तट पर इस कमर्शियल जहाज पर हुए हमले पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए यूएस सीडीए को बुलाया था। उस घटना में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। हमने इन घटनाओं और हो रहे हमलों पर अपनी गहरी चिंताएं बताईं। और



- **48 घंटे में दूसरी बार विदेश मंत्रालय की कार्रवाई**
- **वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त**
- **सेटेबेलो जहाज पर हमले में भारतीय नागरिकों की जान गई**

हम उम्मीद करते हैं कि ये खत्म हो जाएंगे, ये तुरंत रुक जाएंगे। साथ ही कमर्शियल जहाजों, मरीन स्टाफ और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट करने को लेकर भी हमारी गहरी चिंताएं हैं। इसलिए, हमने इन हमलों पर अमेरिकी पक्ष को अपनी चिंताएं बताईं। अमेरिका ने कहा कि वह इस मुद्दे पर भारत के साथ सीधे संपर्क में है। भारत के डिप्लोमैटिक डिमार्श का जवाब देते हुए, अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन इस मामले पर भारत सरकार के साथ बातचीत कर रहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया, "राज्य विभाग इस मामले में भारत सरकार के सीधे संपर्क में है।" भारत ने बार-बार होर्मुज स्ट्रेट को अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए खुला रखने की जरूरतों पर जोर दिया है। हाल की घटनाओं में शामिल सभी तीन जहाज विदेशी झंडे वाले थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "जैसा कि आपने अलग-अलग रिपोर्ट्स में देखा होगा और हमारे बयान और इस पोडियम से जो स्पष्ट किया गया, उसमें भी, इन घटनाओं में शामिल तीन जहाज विदेशी झंडे वाले हैं। उनमें से दो पलाऊ के झंडे वाले हैं और तीसरा, जिस पर आज हमला हुआ, वह गिनी के झंडे वाला है। ये भारतीय स्वामित्व वाले जहाज नहीं हैं और वे सभी विदेशी झंडे वाले जहाज हैं। मुझे यह भी पता चला है कि उनमें से दो ओएफएसी-प्रतिबंधित जहाज हैं और उनमें से एक नियमों का पालन न करने वाले जहाज की कैटेगरी में भी है।

# अधिक मास के बाद लौटेगी मांगलिक कार्यों की रौनक : 17 से फिर गूंजेंगी शहनाइयां



**एजेंसी । जयपुर**

पुरुषोत्तम (अधिक) मास का समापन 15 जून को होने के साथ ही विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों की रौनक फिर लौटेगी। करीब एक माह तक शुभ कार्यों पर लगे विराम के बाद 17 जून से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे, जबकि विवाह के प्रमुख शुभ मुहूर्त 19 जून से शुरू होंगे। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि निर्णय सागर एवं बृज भूमि पंचांग के अनुसार 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी तक विवाह, मुंडन, यज्ञोपवीत, कर्णवेध, गृह प्रवेश तथा नए व्यवसायों के शुभारंभ जैसे मांगलिक कार्य संपन्न किए जा सकेंगे। इसके बाद भगवान विष्णु के शयन काल के आरंभ होने से चार माह तक विवाह एवं अन्य शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा।

उन्होंने बताया कि जून और जुलाई में कुल 20 प्रमुख विवाह मुहूर्त उपलब्ध हैं। जून में 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27 एवं 29 जून तथा जुलाई में 1, 3, 4, 6, 7, 8, 9, 11 और 12 जुलाई को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे। 22 जून को अबूझ सावा होने के कारण बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित होने की संभावना है। शर्मा के अनुसार यह समय ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह के लिए विशेष रूप से अनुकूल माना जाता है। फसल कटाई के बाद किसानों के पास पर्याप्त समय और संसाधन उपलब्ध होने से ग्रामीण अंचलों में विवाह समारोहों की संख्या अधिक रहती है। वहीं शहरों में भी विवाह समारोहों की तैयारियां तेज हो गई हैं। विवाह सीजन की शुरुआत के साथ ही बाजारों में भी रौनक लौटने लगी है। अधिक मास के दौरान सुस्त पड़े कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपहार, किराना, टेंट, सजावट, बैंड-बाजा, मिठाई और कैटरिंग व्यवसाय में तेजी देखने को मिल रही है। व्यापारी कैलाश जांगिड़ ने बताया कि ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कारोबार में उत्साह का माहौल है। अधिक मास के कारण स्थगित हुए विवाह समारोह अब जून और जुलाई में आयोजित होने से विवाह उद्योग के साथ-साथ स्थानीय व्यापार को भी बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

## नेपाल में सड़क किनारे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस आठ की मौत और 16 घायल



**काठमांडू ।** नेपाल के सेंट्रल कवरेपालनचोक जिले के बुच्चाकोट इलाके में बीपी हाईवे के पास सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। बीपी हाईवे के पास एक पैसेंजर बस सड़क किनारे खाई में गिर गई। जिला प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलने पर राहत और बचाव अभियान चलाया गया। कवरेपालनचोक के जिला प्रमुख गोपाल कुमार अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि बस में सवार कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल यात्रियों का जिले के धुलीखेल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजने के खिलाफ सीमा पर प्रदर्शन की योजना बना रहा जमात, हाईअलर्ट जारी

**नई दिल्ली ।** भारत की खुफिया एजेंसियां भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी नजर रख रही हैं। जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को कथित तौर पर घुसाने के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे जिलों में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन शुरू होने वाले हैं। इसके साथ ही 15 जून को एक रैली और जुलूस निकालने की योजना भी है।

# ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज चुनाव के समय भड़काऊ बयान देने का आरोप

**एजेंसी । कोलकाता**

### भाजपा के 'भ्रामक प्रचार' पर दिया था बयान

कोलकाता की हेयर स्ट्रीट पुलिस ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई लिखित शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें उन पर चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान देने का आरोप लगाया गया। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस रोड स्थित सोवालया इलाके के निवासी तुषार कांति दास ने ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। तुषार कांति दास ने पुलिस को बताया कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों को भाजपा के 'भ्रामक प्रचार' से सावधान रहने को कहा था, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर



वह किस प्रकार के भ्रामक प्रचार की बात कर रही थीं। शिकायत में दावा किया गया है कि रैली के दौरान दिया गया उनका बयान पहली नजर में उकसाने वाला, भड़काऊ और सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाला प्रतीत होता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस तरह

- **लोगों को भाजपा के प्रचार से सावधान रहने को कहा था**
- **शिकायतकर्ता ने बयान को उकसाने वाला बताया**
- **रैली के बयान को सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा बताया**
- **हेयर स्ट्रीट थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया**

के बयान अलग-अलग समुदायों के बीच भय, नफरत, गलतफहमी और तनाव पैदा कर सकते हैं। साथ ही इससे आम लोगों के मन में असुरक्षा की भावना भी पैदा हो सकती है, जो राज्य की शांति, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक माहौल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि चुनाव के बाद कोलकाता और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं, जो उनके भाषण से प्रभावित या उससे जुड़ी हो सकती हैं। तुषार कांति दास ने शिकायत के साथ संबंधित रैली का वीडियो क्लिप एक पेन ड्राइव में पुलिस को सौंपा है। उन्होंने पुलिस से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने, वीडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच करने, निष्पक्ष और गहन जांच कराने तथा यदि कोई अपराध साबित होता है तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा है कि यदि ऐसे बयान चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए हैं, तो उनकी जांच चुनाव संबंधी नियमों और आदर्श आचार संहिता के तहत भी की जानी चाहिए।

